श्रावण कृष्ण - 3 | संवत 2081 | वर्ष - 12 | अंक - 3 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » गुरुवार » 25-07-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 नीतीश के फिर बिगड़े बोल: अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो!

6 ट्रप के सामने कमला हैरिस इतिहास बना पायेंगी?

7 भाग्यशाली होते हैं वे लोग जिन्हें काम मिलता है : अक्षय कुमार

## फर्स्ट टेक

### यूक्रेन, रूस के साथ बातचीत करने के लिए तैयार : विदेश मंत्री

**बीजिंग/एजेन्सी।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन, रूस के साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने की कुलेबा के हवाले से कहा, यूक्रेनी पक्ष रूसी पक्ष के साथ बातचीत और समझौता करने के लिए तैयार है। बेशक, वार्ता तर्कसंगत और व्यावहारिक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य न्यायसंगत और स्थायी शांति प्राप्त करना हो।

### इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके

**जकार्ता/एजेन्सी।** इंडोनेशिया के पूर्वी हाईलैंड पापुआ प्रांत में बुधवार सुबह भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह करीब 07:22 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र मम्बरमो तेंगाह रीजेंसी से 96 किलोमीटर उत्तर पूर्व में 26 किमी की गहराई में था।

### पापुआ न्यू गिनी में सामूहिक हत्याकांड

**सिडनी/एजेन्सी।** पापुआ न्यू गिनी के ईस्ट सेपिक प्रांत में सामूहिक हत्याकांड में महिलाओं और बच्चों सहित 26 लोग मारे गये। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को बताया कि प्रांत के अंगोरम क्षेत्र में सेपिक नदी के किनारे स्थित तमारा, तांबरी और अग्रुमारा गांवों में हत्या, बलात्कार और संपत्ति जलाने की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं के लिए कथित तौर पर 30 से अधिक स्थानीय युवकों को दोषी ठहराया गया है। इनमें से पहली हत्याएं 17 और 18 जुलाई के बीच तमारा में हुई, उसके अगले दिन तांबरी में हुई। अंगोरम के सांसद सालियो वेपो ने मीडिया को बताया कि सामूहिक हत्या और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटना भूमि विवाद से संबंधित थी।

### भवानी शंकर भोई ओडिशा विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा में दो बार के विधायक भवानी शंकर भोई को बुधवार को सर्वसम्मति से राज्य विधानसभा का उपाध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने भोई को बधाई देते हुए कहा, मैं घोषणा करती हूं कि भवानी शंकर भोई सदन के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। भोई 2019 और 2024 में दो बार तलसारा निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 25-07-2024 6:37 बजे | सूर्योदय 26-07-2024 5:53 बजे |
| BSE 80,148.88 (-280.16) | NSE 24,413.50 (-65.55) |
| सोना 7,303 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 92,500 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### बजट की लपट

ले रूप नया परिवर्तित हो,  
आ गया पुरातन वही बजट।  
बाजार दिख रहा सकते में,  
करदाता के मन उठी लपट।  
कुछ के मन में उल्लास जगा,  
कुछ के चेहरों पर दिखा कपट।  
आई कुछ नई योजनाएं,  
बाकी सब वो ही जाल-झपट।।

# आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे : नित्यानंद राय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में हटाए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना ने 900 से अधिक आतंकियों को मार गिराया है।**

**नई दिल्ली/भाषा।** कश्मीर सहित देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सरकार ने बुधवार को कहा कि उसकी नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है और ''आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह भी बताया कि विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में हटाए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना ने 900 से अधिक आतंकियों को मार गिराया है।

आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प जताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कश्मीर में 28 आतंकियों को मार गिराया गया है। उन्होंने स्वीकार किया, आतंकी हमलों में हमारे कुछ जवानों की भी जान गई है उन्होंने पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि 2004 से 2014 के बीच आतंकी घटनाओं की संख्या 7217 थी जबकि 2014 से 21 जुलाई 2024 तक ऐसी 2259 घटनाएं हुई हैं ''जो नहीं होना चाहिए थीं। इस पर राजनीतिक नहीं करनी चाहिए। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है तथा आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे। राय ने बताया कि 2004 से 2014 तक आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले सुरक्षा बलों और आम नागरिकों की संख्या 2829 थी जो बीते दस वर्ष में 67 प्रतिशत घट कर करीब 941 रह गई उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर का आज अनुकूल माहौल है, स्कूल, कालेज खुल रहे हैं, कारोबार बढ़ रहा है और अवसंरचना का विकास किया जा रहा है।



कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि कश्मीर जाने वाले पर्यटक के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होती है। आतंकी हमले पर्यटकों के मन में चिंता उत्पन्न करते हैं। ऐसे में वहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं।

इस पर राय ने बताया कि 2023 में दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों का कश्मीर जाना बताता है कि वहां सुरक्षा की स्थिति है।



## काठमांडू हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटनाग्रस्त, 18 लोगों की मौत, पायलट घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**काठमांडू/भाषा।** काठमांडू में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक बच्चे समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई तथा पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

सौर्य एयरलाइंस का नेपाल का घरेलू विमान 'एन9एएमई' नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जा रहा था। पूर्वाह्न 11 बजकर 11 मिनट पर यह हादसे का शिकार हो गया।

नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने एक बयान में बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। इसने कहा कि बचाव अभियान तत्काल शुरू किया गया और आग पर काबू पा लिया गया।

बयान में कहा गया कि हादसे में एक व्यक्ति (कैप्टन रत्न शाक्या) को बचा लिया गया जबकि 18 लोग मृत मिले।

## फिर आईओसी सदस्य चुनी गईं नीता अंबानी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय खेल प्रशासक नीता अंबानी को बुधवार को पेरिस में सर्वसम्मति से दोबारा भारत से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का सदस्य चुना गया। पेरिस में चल रहे आईओसी के 142वें सत्र के दौरान हुए मतदान में नीता को शत प्रतिशत मत मिले। नीता ने पुन: आईओसी सदस्य चुने जाने के बाद विज्ञप्ति में कहा, ''मैं अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के रूप में फिर से चुने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।



## भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने बुधवार को अपनी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस दौरान 5,000 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली शत्रु मिसाइलों से बचाव की देश में ही विकसित क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उड़ान परीक्षण के दौरान सभी परीक्षण लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्राप्त किया गया जिससे सम्पूर्ण नेटवर्क-केंद्रित युद्ध अस्त्र प्रणाली की पुष्टि हुई।



विज्ञप्ति के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण ने एक बार फिर भारत की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया है।

मंत्रालय ने कहा, ''डीआरडीओ ने 24 जुलाई को बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।''

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

**नई दिल्ली/भाषा।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा, आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि, फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं।



### जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में

## मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, एक जवान शहीद

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## तंजानिया में भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच मैत्री का महत्वपूर्ण सेतु : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत और तंजानिया के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंध रहे हैं तथा पूर्वी अफ्रीकी देश में भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच मित्रता के महत्वपूर्ण सेतु का काम करता है।

मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में तंजानिया की नेशनल असेंबली की स्पीकर और इंटर पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) की अध्यक्ष तुलिया एक्सन के साथ हुई बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और तंजानिया के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं।




राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुर्मू ने कहा कि तंजानिया में भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच मित्रता के एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करता है। उन्होंने तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन की अक्टूबर 2023 में भारत की राजकीय यात्रा के दौरान उनके साथ अपनी व्यापक चर्चा को भी याद किया।

भारत में एक्सन का स्वागत करते हुए मुर्मू ने उन्हें 2023-26 के लिए आईपीयू का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत लंबे समय से आईपीयू का सदस्य रहा है। मुर्मू ने कहा, ''हमारे सांसद आईपीयू की कार्यकारी समिति सहित इसकी विभिन्न समितियों में सक्रिय भागीदार हैं।''

## ब्रिटेन के साथ संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है भारत : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात के बाद कहा कि ब्रिटेन के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए भारत प्रतिबद्ध है और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की उनके देश की इच्छा का स्वागत किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मिलकर खुशी हुई। व्यापक रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर द्वारा दी गई प्राथमिकता की सराहना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''हम संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। द्विपक्षीय प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए समझौता करने की इच्छा का स्वागत करते हैं।''



लैमी व्यापार समझौते के लिए वार्ता को गति देने तथा स्वच्छ ऊर्जा, नई प्रौद्योगिकियों और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय साझेदारी को पुनः स्थापित करने के लिए भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री की नयी दिल्ली यात्रा, प्रधानमंत्री स्टॉर्मर की लेबर सरकार के पांच जुलाई को सत्ता में आने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच पहली उच्च स्तरीय वार्ता है।

मोदी ने कहा, ''ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर द्वारा रणनीतिक साझेदारी को व्यापक और प्रगाढ़ बनाने को दी गई प्राथमिकता की सराहना करता हू।'' उन्होंने कहा, ''हम संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। द्विपक्षीय प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए की इच्छा का स्वागत करते हैं।''

## मालवाहक पोत पर गंभीर रूप से घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी), मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत 'झोंग शान मेन' से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि संदेश में 51 वर्षीय चीनी नाविक के गंभीर रूप से घायल होने और काफी खून बहने की जानकारी दी गई तथा उसे तत्काल सुरक्षित निकालने का अनुरोध किया गया।



अधिकारी ने बताया कि चिकित्सा आपातकाल की स्थिति में भारतीय नौसेना के हवाई परिसर आईएनएस शिकरा से सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर एक सी-किंग हेलीकॉप्टर को रवाना किया गया उन्होंने कहा, करीब 83 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक गति की हवाओं और जहाज के भारी उतार-चढ़ाव के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों तथा निरंतर डेक पर स्पष्ट क्षेत्र की अनुपलब्धता के बावजूद रोगी को जहाज के 'ब्रिज विंग' से सफलतापूर्वक निकाल लिया गया।

## चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी के नमूनों में पानी के अणु मिले

**बीजिंग/भाषा।** चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अनुसंधान रिपोर्ट 16 जुलाई को पत्रिका 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुई।

## शरण देने संबंधी ममता बनर्जी की टिप्पणी पर बांग्लादेश ने विरोध जताया

**ढाका/भाषा।** बांग्लादेश के लोगों को शरण देने संबंधी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणी को लेकर ढाका ने राजनयिक माध्यमों से भारत को अपनी नाखुशी अवगत कराया है और कहा कि उनकी टिप्पणियों से ''भ्रम'' पैदा हो सकता है और लोग ''गुमराह'' हो सकते हैं। समाचारएजेंसी 'यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश' ने मंगलवार को एक खबर में कहा कि बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक माध्यम से भारत सरकार से संपर्क किया है और कहा कि बनर्जी की टिप्पणी से लोगों में भ्रम पैदा हो सकता है।

विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा, ''पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूरे सम्मान के साथ मै कहना चाहूंगा कि उनके साथ हमारे बेहद अच्छे संबंध हैं। हमारे बीच गहरे संबंध हैं, लेकिन उनकी टिप्पणियों से कुछ हद तक भ्रम की स्थिति पैदा हुई है और इससे लोग गुमराह हो सकते हैं। हमने इस मुद्दे पर भारत सरकार को एक पत्र लिखा है।'' हाल ही में कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी।

# भगवान महावीर का हर संदेश जीवन में उतारें : संतश्री राजेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर में वर्धमान श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के लुणावत स्थानक भवन में चातुर्मासार्थ विराजितसंतश्री राजेशमुनिजी 'श्रमण' ने कहा कि श्रद्धा और आस्था के सहारे और प्रभु चरणों एवं गुरु चरणों में समर्पण से ही जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। अपनी आत्मा के उत्थान एवं कल्याण हेतु प्रभु महावीर द्वारा दिया गया हर संदेश अपनी आत्मा में उतारना चाहिए। प्रभु वाणी अपने कानों से सुनकर, निकालनी नहीं है, उसे अपनी आत्मा से अन्तर में भर देना है तभी कल्याण संभव होगा । व्यक्ति अपने अहंकार, अज्ञान और आसक्ति के कारण ही झूठ का सहारा लेता है।

जैन धर्म कहता है कि धर्म दिखावे के लिए नहीं, आत्मा के उत्थान के लिए होना चाहिए।सदैव समभावों को जीवन में उतारना ही सही सामायिक है। जीवन को अगर सुगंधित बनना है तो इस आत्मा को, जीवन को, उपजाऊ भूमि जैसा बनाना होगा ताकि प्रभु वाणी भीतर तक पहुंच सके और हमारे जीवन से अहिंसा और सदाचार की सुगंध फैले। पत्थर पर कभी फूल नहीं खिल सकते, फूल को उगने के लिए उपजाऊ भूमि की ही आवश्यकता होती है। हमें मेजबान की मेज को नहीं बल्कि उसके भावों को देखना चाहिए। उसकी आखों से हमारे अतिथि सत्कार हेतु स्नेह छलकता है या नहीं, उसकी वाणी कैसी है, यह महत्वपूर्ण है। संघ मंत्री छगनमल लुणावत ने संचालन किया।



# परमात्मा की वाणी पर सम्पूर्ण श्रद्धा जरुरी : साध्वी स्वर्णांजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी स्वर्णांजनाश्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारा मन बड़ा ही विचित्र है, जिस जिनवाणी को हम याद रखना चाहते हैं उसे याद नहीं रख पाते लेकिन जिन चीजों को हमें भूल जाना चाहिए उसे भूल नहीं पाते और उसे जिन्दगी भर याद रखते हैं। यह मनुष्य जीवन हमें बहुत दुर्लभता से मिला है, इसमें हमने अगर कुछ सुकृत कार्य नहीं किए तो हमारा यह मानव जीवन व्यर्थ हो जाएगा। हमें हर पल कुछ ना कुछ सुकृत कार्यों के बारे में चिंतन करना है। साध्वीवर्या ने रोहिणिया चोर का दृष्टांत देते हुए कहा कि परमात्मा की वाणी कभी असत्य नहीं हो सकती, हमें जिनवाणी पर सम्पूर्ण श्रद्धा रखनी है। परमात्मा की वाणी हमेशा अच्छी ही होती है। जिनवाणी जब ह्दय के अन्दर तक पहुंचती है तो हमारा जीवन कोमलता से परिपूर्ण बन जाता है।

साध्वीश्री ने कहा कि विनय ही धर्म का मूल है और जो नमता है वही जिनवाणी से ओतप्रोत हो सकता है। इतिहास में जितने भी आप्त पुरुष हुए हैं वह जब भी कुछ शुभ कार्य शुरू करते हैं उससे पहले परमात्मा के चरणों में वन्दन करते हैं। ऐसे ही क्षेमराजमुनिजी ने उपदेश सप्ततिका ग्रन्थ लिखना प्रारम्भ करने से पहले अपने को अज्ञानी बालक समझ कर परमात्मा के चरणों में नमन करते हैं। चरणों में वन्दना करते हुए कहते हैं कि भव्य जीव ही जिनवाणी को श्रवण कर सकता है और जीवन में उतार सकता है लेकिन अभव्य जीव जिनवाणी श्रवण तो कर सकते हैं लेकिन उसे जीवन में आचरण में नहीं ला सकता और परमार्थ में नहीं लगा सकता। सुविहित पट्टावली वांचन में आचार्य जिनचन्द्र सूरी, वर्धमान सूरी और प्रद्ध्योतन सूरी जी के जीवन आचार के बारे में बताया।



# बजट में शहरों में एक करोड़ घरों के निर्माण के लिए धन का आवंटन : मनोहर लाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को बजट 2024-25 की सराहना करते हुए इसे जन-केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गों, खासकर महिलाओं एवं किसानों का ध्यान रखा है। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि बजट में शहरों में एक करोड़ घरों के निर्माण के लिए भी धन स्वीकृत किया गया है।

मनोहर लाल ने कहा, केंद्रीय बजट में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। बजट में बुनियादी ढांचे पर भी ध्यान दिया गया है। एक करोड़ घरों के निर्माण के लिए आवंटन किया गया है। सरकार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय



परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच साल में 2.2 लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता की घोषणा की और सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ब्याज सब्सिडी का प्रस्ताव रखा।

सरकार के अनुसार, पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास संबंधी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। शहरों के लिए बजटीय आवंटन पर मंत्री ने कहा कि बजट में सरकार ने शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई परियोजनाओं का प्रावधान किया है।

# तेरापंथ किशोर मंडल विजयनगर सेवा-संस्कार-संगठन में श्रेष्ठ किशोर मंडल अवार्ड से सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा सूरत में आयोजित 19वें त्रिदिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में तेरापंथ किशोर मंडल विजयनगर को सेवा संस्कार संगठन में पूरे भारत में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ है। तेयुप सदस्यों ने तेरापंथ भवन विजयनगर में विराजित साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने कहा की तेरापंथ युवक परिषद् विजयनगर के मार्ग दर्शन में आध्यात्मिक कार्यों के साथ साथ रचनात्मक कार्यों में भागीदारी से किशोरों का अच्छा विकास हो रहा है। अभिभावकों को अपने बच्चों को किशोर मंडल से जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर साध्वीश्री मलययशाजी, आस्थाप्रभाजी, दीक्षाप्रभाजी ने गीतिका का संगान किया।

किशोरमंडल द्वारा प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली के प्रचार प्रसार हेतु सूरत अधिवेशन में अभिनव स्टॉल स्थापित की गई, इस स्टॉल में प्रतिभागी 900 से ज्यादा किशोरों को प्लास्टिक से उत्पन्न पर्यावरण के खतरों को प्रस्तुत करते हुए प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में बताया गया। साथ ही इस अधिवेशन में तेरापंथ किशोर मंडल विजयनगर को बेस्ट कांसेप्ट ऑफ स्टॉल के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अभातेयुप के उपाध्यक्ष पवन मांडोत, विजयनगर के पूर्व अध्यक्ष राकेश पोखरणा, सभा अध्यक्ष मंगल कोचर, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया, तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा, प्रभारी विकास बांठिया, प्रबंध मंडल, किशोर मंडल टीम के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय प्रभारी अरविंद पोखरणा ने टीकेएम विजयनगर को सर्वश्रेष्ठ बनने का आह्वान किया। पूर्व अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने प्रभारी विकास बांठिया, सहप्रभारी हेमंत पटावरी, किशोर मंडल संयोजक नमन चावत, विशाल श्यामसुखा, सहसंयोजक दर्शन बाबेल, चेतन गांधी एवं पूरी किशोर मंडल टीम को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संबंधित संस्थाओं के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# दिल्ली में जिम मालिक की हत्या के मामले में दो महिलाओं समेत चार लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में 28 वर्षीय जिम मालिक की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने के दो सप्ताह बाद बुधवार को इस मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी

उन्होंने बताया कि मामले में अन्य आरोपी को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस के अनुसार, जिम और 'टूर एंड ट्रैवल' का कारोबार करने वाले सुमित चौधरी उर्फ प्रेम पर 10 जुलाई को गामड़ी एक्सटेंशन स्थित उनके घर के बाहर हमला किया गया था। उन पर कम से कम 17 बार चाकू से वार किया गया, जिससे अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। इसने बताया कि घटना की 58 सेकंड की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आई है। सीसीटीवी क्लिप में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को मारता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसके तुरंत बाद टोपी पहने हुए आरोपियों में से एक पीछे से आता है और चौधरी पर कई बार चाकू से वार करता है। फुटेज में दोनों व्यक्ति मौके से भागते और चौधरी सीमेंट के एक चबूतरे पर बैठते और गिरते दिखते हैं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। टिर्की ने बताया कि आरोपियों में से एक की पहचान करतार सिंह (33) के रूप में हुई है जिस पर पहले से ही हत्या का एक मामला दर्ज है।

# मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे एमवीए का 'मुखौटा' : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे द्वारा अगामी चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को हराने की अपील किए जाने के एक दिन बाद बुधवार को सत्तारूढ़ पार्टी ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि वह विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के 'मुखौटे' की तरह काम कर रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगामी चुनावी मुकाबले में जरांगे द्वारा दी गई चुनौती का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया था कि वह उन्हें मुकदमे में फंसाना चाहते हैं जिस पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। जरांगे ने पहले भी फडणवीस पर निशाना साधा था।

पुणे की अदालत ने धोखाधड़ी के मामले में मंगलवार को जरांगे के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद बुधवार को उन्होंने फडणवीस को निशाने पर लिया। भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा, हम मनोज जरांगे की चुनौती को स्वीकार करते हैं और उनका मुकाबला चुनावी मैदान में करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण आंदोलन के नेता एमवीए के हाथों में खेल रहे हैं। महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन एमवीए में शिवेसना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।

# बजट में सिर्फ दो राज्यों पर मेहरबानी, युवाओं, किसानों और गरीबों का ध्यान नहीं : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहबरानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज भले ही खुश हैं, लेकिन बदलने में ज्यादा समय नहीं लगता। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को 'अग्निपथ' योजना को खत्म करना चाहिए और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देनी चाहिए उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा, वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) ने हमारा घोषणापत्र पढ़ा है। वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए यह भी कहा, इसे कुर्सी बचाओ बजट बोलें या जुमला बजट बोलें उन्होंने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया और सवाल किया, सरकार जनगणना पर चुप्पी साधे हुए है, इस पर नीतीश कुमार जी (बिहार के मुख्यमंत्री) क्या कहना चाहेंगे?''



# उत्तराखंड : मुख्यमंत्री धामी ने बाबा केदार के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए और वहां जारी पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे धामी ने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा।

करीब 20 मिनट की पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने धाम में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन कर उन्हें श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं उन्होंने तीर्थ पुरोहितों के साथ धाम में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों के संबंध में चर्चा कर सुझाव मांगे। धामी ने केदारपुरी में जारी पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समयबद्धता के साथ सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने बाद में देहरादून में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके कार्यकाल में केदारनाथ में नवनिर्माण और पुनर्निर्माण के अनेक कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि अनेक कार्य अभी भी जारी हैं, जिन्हें तेजी से किया जा रहा है।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बड़ा केदारनाथ धाम बन रहा है और हम सब की प्रतिबद्धता है कि भव्य और दिव्य केदारनाथ का काम तेजी से पूरा हो।

धामी ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि चारधाम यात्रा को आने वाले दिनों में बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि शुरुआती दिनों में श्रद्धालुओं के अत्यधिक दवाब को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों को विकसित करने का सुझाव आया है उन्होंने कहा, होटल, ढाबो संचालकों, टैक्सी वालों, तीर्थ पुरोहितों, पंडा समाज आदि से सुझाव मिला है कि धामों के आसपास के अन्य स्थानों को भी विकसित किया जाए जिससे धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या अधिक होने पर वे उन स्थानों में चले जाएं।

# तेलंगाना नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेगा: मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने केंद्र द्वारा राज्य के अधिकारों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाए जाने और राज्य की बकाया धनराशि जारी नहीं किए जाने के विरोध में 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में सरकार के निर्णय की घोषणा की उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 27 जुलाई को नीति आयोग की बैठक होगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में, मैं तेलंगाना के हितों को नुकसान पहुंचाने और तेलंगाना की बकाया धनराशि जारी न करने के विरोध में नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार कर रहा हूं।

विधानसभा में दिन भर चली बहस के बाद केन्द्रीय बजट में राज्य के प्रति केन्द्र के कथित भेदभाव के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। भाजपा ने प्रस्ताव का विरोध किया।



# अकाल तख्त जत्थेदार के समक्ष पेश हुए सुखबीर बादल, स्पष्टीकरण दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल बुधवार को अमृतसर में अकाल तख्त के जत्थेदार के समक्ष पेश हुए और बागी अकाली नेताओं के आरोपों पर अपना स्पष्टीकरण दिया।

जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने 15 जुलाई को शिअद अध्यक्ष को सिखों की सर्वोच्च धार्मिक पीठ अकाल तख्त के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने और बागी नेताओं के इन आरोपों पर 15 दिन में लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा था कि वह पंथ की भावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। पार्टी-नेताओं-दलजीत सिंह चीमा और बलविंदर सिंह भुंडर के साथ पहुंचे बादल ने पहले स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और उसके बाद वह अकाल तख्त के जत्थेदार के समक्ष पेश हुए। अकाल तख्त के जत्थेदार ने अमृतसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बादल ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है उन्होंने कहा कि पांच सिंह साहिबान आने वाले दिनों में बादल के स्पष्टीकरण पर चर्चा करेंगे। वहां मौजूद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि एसजीपीसी ने भी अकाल तख्त जत्थेदार को अपना स्पष्टीकरण सौंप दिया है।



# दिल्ली : कार के बोनट पर बैठकर घूमने वाले 'स्पाइडरमैन' का कटा 26 हजार रुपए का चालान

**नई दिल्ली/भाषा।** स्कार्पियो कार के बोनट पर बैठकर दिल्ली में घूमना 'स्पाइडरमैन' को महंगा पड़ा और पुलिस ने नियमों के उल्लंघन के लिए उसका 26 हजार रुपए का चालान किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये शिकायत मिली कि द्वारका की सड़कों पर एक युवक स्पाइडरमैन की वेशभूषा में स्कॉर्पियो कार के बोनट पर बैठकर घूम रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कार का पीछा किया और द्वारका के रामफल चौक के नजदीक उसे पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि स्पाइडरमैन की वेशभूषा वाले व्यक्ति की पहचान नजफगढ़ निवासी आदित्य (20) के तौर पर की गई है जबकि कार महावीर एन्क्लेव निवासी गौरव सिंह (19) चला रहा था।

# मध्य प्रदेश सरकार ने चीता परियोजना पर आरटीआई के तहत जानकारी देने से किया इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मध्य प्रदेश वन विभाग ने अफ्रीका से लाए गए चीतों और भारत में जन्मे उनके शावकों की देखरेख संबंधी व्यवस्था के बारे में जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत देने से इनकार कर दिया है।

वन्यजीव कार्यकर्ता अजय दुबे के अनुरोध के जवाब में, विभाग ने आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(ए) का हवाला दिया, जो सार्वजनिक प्राधिकरण को सूचना उपलब्ध नहीं कराने की अनुमति देता है, बशर्ते कि उसे सार्वजनिक करने से भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, रणनीतिक, वैज्ञानिक या आर्थिक हितों, दूसरे देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो या किसी अपराध को बढ़ावा मिलता हो। दुबे ने राज्य वन विभाग से ''कुनो और मंदसौर में चीता परियोजना की देखरेख व्यवस्था के संबंध में पत्राचार रिकॉर्ड'' उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) के कार्यालय में जन सूचना अधिकारी सौरव कुमार काबरा ने अपने



जवाब में कहा, सूचना (बिंदु संख्या 2 के तहत) प्रबंधन शाखा से संबंधित है, जिसने आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(ए) के तहत जानकारी उपलब्ध न कराने का निर्णय लिया है। दुबे ने कहा कि यह पहली बार है कि 17 सितंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को छोड़े जाने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से आरटीआई अधिनियम के तहत, चीता परियोजना पर जानकारी देने से इनकार किया गया है। दुबे को पूर्व में भारत में पैदा हुए पहले शावक के स्वास्थ्य के बारे में आरटीआई के तहत जानकारी मिली थी। दुबे द्वारा प्राप्त जानकारी से पता चला कि शावक का दाहिना पैर 28 नवंबर को चोटिल हो गया था।

दुबे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैं 2013 से चीता के संरक्षण में अनियमितताओं का खुलासा कर रहा हूं, लेकिन यह पहली बार है जब मुझे जवाब मिला है कि चीतों के बारे में जानकारी का खुलासा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा या दूसरे देशों के साथ संबंधों पर असर पड़ेगा। आठ चीतों का पहला समूह सितंबर 2022 में भारत लाया गया था और 12 चीतों का दूसरा समूह पिछले साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था।

# जम्मू कश्मीर के लिए बजट में कुछ भीं नहीं है: उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय बजट में केंद्र शासित प्रदेश को कुछ नहीं मिलने का बुधवार को दावा करते हुए इसे ''गठबंधन बचाओ बजट'' करार दिया और कहा कि इसमें बिहार एवं आंध्रप्रदेश पर विशेष ध्यान दिया गया है।

अब्दुल्ला ने कहा कि वह समझते हैं कि यह पहली बार है कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तीसरे कार्यकाल में ''गठबंधन की मजबूरियां'' नजर आ रही हैं उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ साक्षात्कार में कहा, अगर आप देखें तो जम्मू-कश्मीर के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। हम जिस तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारे यहां देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, विकास के मामले में भी हम पिछड़ गए हैं उन्होंने कहा, निवेश का वादा तो किया गया था लेकिन वह कहीं जमीन पर नजर नहीं आता। आज लोग पानी और बिजली के लिए त्राहिमाम हैं, इसलिए जम्मू-कश्मीर में हमारी समस्याएं बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार की ओर से प्रतिबद्धता का अभाव है।

# श्रीलंका ने तमिलनाडु के नौ और मछुआरों को गिरफ्तार किया



## स्टालिन ने केंद्र को दी जानकारी

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी दो नौकाओं को भी जब्त कर लिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को केंद्र को यह जानकारी देते हुए मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई के लिए त्वरित कदम उठाने का आग्रह किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर स्टालिन ने राज्य के कुल 87 मछुआरों और 175 नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की। रामेश्वरम के नौ मछुआरों और उनकी मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं को 22 जुलाई 2024 को श्रीलंकाई अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा, मैं यह बताने के लिए विवश हूं कि इस वर्ष की शुरुआत से 22 जुलाई 2024 तक 250 मछुआरों को श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जो 2014 के बाद से सबसे अधिक है। मछुआरों को डराने-धमकाने और गिरफ्तार करने, उनकी नौकाओं और मछली पकड़ने के उपकरणों को जब्त करने की घटनाएं लगातार जारी हैं, जिससे मछुआरा समुदाय बेहद परेशान है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं आग्रह करता हूं कि इस स्थिति को सामान्य बनाने के लिए कूटनीतिक माध्यम से गंभीर प्रयास शुरू किए जाएं और मैं आपसे श्रीलंका से 87 मछुआरों और 175 नौकाओं की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए इस मुद्दे को व्यापक रूप से संबोधित करने का अनुरोध करता हूं।

### वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दक्षिणी रेलवे में बजटीय परिव्यय

# तमिलनाडु को 6,362 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड परिव्यय मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केरल को रेल विकास परियोजनाओं के लिए 3,011 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड परिव्यय मिला। तमिलनाडु के लिए 2024-25 का परिव्यय 2009-2014 के औसत परिव्यय का 7 गुना और केरल के लिए 8 गुना अधिक प्रावधान किया गया है।

रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और 23 जुलाई को पेश आम बजट में घोषित वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए तमिलनाडु और केरल राज्यों में रेलवे परियोजनाओं के लिए राज्यवार बजटीय आवंटन की घोषणा की।

तमिलनाडु और केरल राज्यों के लिए बजटीय आवंटन की घोषणा करने वाले केंद्रीय मंत्री की प्रेस मीट के बाद, दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह ने एक प्रेस मीट आयोजित की और प्रेस को दक्षिण रेलवे में विभिन्न रेल विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

दक्षिण रेलवे मुख्यालय में आयोजित प्रेस मीट में अपर महाप्रबंधक कौशल किशोर, चेन्नई मंडल रेल प्रबंधक विश्वनाथ ईर्या, दक्षिण रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सेलम, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुवनंतपुरम और पलक्कड़ मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों ने संबंधित मंडल मुख्यालयों से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।



**तमिलनाडु के लिए बजट परिव्यय :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तमिलनाडु राज्य के लिए 6,362 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जो 2009-2014 के 879 करोड़ रुपये के औसत परिव्यय से 7 गुना अधिक है।

मंत्री ने कहा कि 33,467 करोड़ रुपये की लागत से 2,587 किलोमीटर में फैली 22 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में 77 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि पिछले दशक में तमिलनाडु राज्य में 1,302 किलोमीटर नए ट्रैक, 2,152 किलोमीटर विद्युतीकरण और 68 प्रतिशत फ्लाईओवर/अंडरपास का निर्माण पूरा किया गया है।

**केरल के लिए बजट परिव्यय :** केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केरल राज्य के लिए 3,011 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जो 2009-2014 के औसत परिव्यय 372 करोड़ रुपये से 8 गुना अधिक है।

केरल में पिछले 10 वर्षों में 106 फ्लाईओवर/ अंडरपास का निर्माण पूरा हो चुका है। राज्य के 100 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क का पूरी तरह से विद्युतीकरण हो चुका है। इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत केरल राज्य में 35 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

## रेलवे परियोजनाओं पर केरल सरकार का सहयोग नहीं मिल रहा : वैष्णव



**त्रिवेन्द्रम/नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि केरल सरकार रेलवे परियोजनाओं के संदर्भ में बहुत सहयोगी नहीं रही है और यदि राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण में सहयोग करे तो बहुत काम किया जा सकता है। वैष्णव ने केरल में प्रस्तावित आंगामाली-सबरीमला रेल मार्ग परियोजना से संबंधित पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, यह एक जटिल परियोजना है और इसे आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के सहयोग की जरूरत है। कांग्रेस सदस्य अदूर प्रकाश के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए वैष्णव ने कहा, मैं यह बताना चाहूंगा कि केरल सरकार रेलवे परियोजनाओं पर बहुत सहयोगात्मक नहीं रही है। मैं सांसदों से अनुरोध करता हूं कि वे भूमि अधिग्रहण के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने पदों का उपयोग करें। परियोजनाएं तभी शुरू की जा सकती हैं जब राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण में सहयोग करेगी। मंत्री ने कहा कि अगर केरल सरकार उनका समर्थन करती है तो राज्य में बहुत कुछ किया जा सकता है।




# अष्टमुडी झील में कचरा डालने से रोकें, अतिक्रमणकारियों को हटाएं : केरल उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने कोल्लम नगर निगम को निर्देश दिया है कि वह अष्टमुडी झील को अपशिष्ट और कारखानों से निकलने वाले रासायनिक पदार्थ से मुक्त रखने के लिए सख्त कदम उठाए। अदालत ने कोल्लम के उप-जिलाधिकारी को झील के आसपास से अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए कार्रवाई शुरू करने का भी निर्देश दिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ए. मुहम्मद मुश्ताक और न्यायमूर्ति एस. मनु की पीठ ने झील के आसपास की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने को लेकर नाराजगी जताई। इसने कहा कि अब समय आ गया है कि इसे भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित किया जाए तथा झील में पानी का मुक्त प्रवाह भी सुनिश्चित किया जाए। अदालत ने एक अधिवक्ता द्वारा दायर की गई याचिका पर यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि नगर निगम झील में अपशिष्ट को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा। याचिकाकर्ता अधिवक्ता बोरिस पॉल ने झील की सफाई, इसके पानी की गुणवत्ता बनाए रखने, अपशिष्ट पदार्थों की उचित निकासी की सुविधा करने और क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए जाने की अपील की थी। पीठ ने इस पर कोल्लम नगर निगम के सचिव और अन्य स्थानीय प्राधिकारों के सचिवों को झील में अपशिष्ट को रोकने के लिए की गई कार्रवाई का विवरण अदालत को सौंपने का भी निर्देश दिया। इसने कहा, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने के खिलाफ सरकार के आदेशों के मद्देनजर सचिव को झील में कचरा और अन्य अपशिष्ट को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करनी होगी। सचिव को आवश्यक आदेश पारित करना होगा और उन्हें इसे अदालत के समक्ष भी प्रस्तुत करना होगा।

# तमिलनाडु और तमिल जनता से भेदभाव करते हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार : द्रमुक सांसद मारन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नईदिल्ली।** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद दयानिधि मारन ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तमिलनाडु और तमिल जनता से भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की जनता भाजपा-नीत सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। मारन ने केंद्रीय बजट 2024-25 पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए इसमें बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों का उल्लेख किया और कहा कि सरकार दोनों राज्य की मदद कर रही है, अच्छी बात है लेकिन तमिलनाडु जैसे राज्य को दंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के कामकाज के मॉडल को अपनाना चाहिए, जहां सभी वर्गों के लिए काम किया जाता है।

मारन ने दावा किया, ''आज प्रधानमंत्री उन लोगों के लिए काम नहीं कर रहे जिन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया।'' उन्होंने दावा किया कि सरकार ने चुनाव के समय 'मोदी की गारंटी' के प्रचार के लिए लाखों करोड़ रुपये सरकारी धन खर्च कर दिया, लेकिन चुनाव के बाद वह गारंटी कहां है।

मारन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु को तीन साल से चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के लिए बकाया धन नहीं दिया है और बाढ़ के संकट के समय भी राज्य की मदद नहीं की। उन्होंने कहा, इन्हें



तमिलनाडु की कोई चिंता नहीं। हमारे राज्य की अनदेखी क्यों की जा रही है। तमिलनाडु की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी।

द्रमुक सांसद ने कहा कि सरकार बिहार और आंध्र प्रदेश की सहायता करे, लेकिन अन्य राज्यों को दंडित नहीं करें, यह उसे शोभा नहीं देता। उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि उक्त दोनों राज्यों के लिए इतना धन कहां से आएगा। उन्होंने कहा कि देश में यह पांचवां बजट है जब जनगणना नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के तीन साल बाद भी इस कवायद को शुरू नहीं किया गया है, जबकि दुनिया के 140 से अधिक देश महामारी के बाद जनगणना कर चुके हैं।

मारन ने विभिन्न रिपोर्ट का हवाला देते हुए देश में बेरोजगारी की बात कही। उन्होंने कहा कि नदियों को जोड़ने के लिए सरकार ने अलग से जलशक्ति मंत्रालय बनाया, लेकिन क्या वह बता सकती है कि कितनी नदियों को जोड़ा गया? क्या सरकार नदी जोड़ो' पर कोई श्वेतपत्र जारी कर सकती है। मारन ने देश में जातीय भेदभाव और सामाजिक अन्याय होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा सामाजिक अन्याय का ही उदाहरण है जिसका तमिलनाडु सरकार विरोध करती है।

द्रमुक सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कई बार कह चुके हैं कि वह तमिल भाषा को प्यार करते हैं लेकिन उन्होंने तमिल भाषा और तमिल लोगों के लिए क्या किया है। मारन ने कटाक्ष करते हुए कहा, वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद में आए थे तो उसके आगे दंडवत होकर उन्होंने आशीर्वाद लिया था, लेकिन आज वह संसद नहीं रही। वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आए तो संविधान से आशीर्वाद लिया और उसे सर से लगाया तो अब देश की जनता और तमिलनाडु के लोग चिंतित हैं और कहना चाहते हैं कि कृपया अब संविधान को नष्ट मत कीजिए।




# बजट में हमारे साथ ठीक व्यवहार नहीं हुआ; आयोग की बैठक में शामिल होने का औचित्य नहीं : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बुधवार को कांग्रेस सरकार द्वारा 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ केंद्रीय बजट में अनुचित व्यवहार किया गया और उसके हितों की रक्षा नहीं की गई। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने मंगलवार को कहा था कि राज्य की मांगों की केंद्रीय बजट में 'अनदेखी' करने के खिलाफ यह फैसला लिया गया है।

शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, जब कोई नीति' ही नहीं है तो नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का क्या औचित्य है? कर्नाटक के साथ केंद्रीय बजट में अनुचित व्यवहार किया गया है। राज्य को कोई परियोजना नहीं मिली और उसके हितों की भी रक्षा नहीं की गई। हमने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है और इसके बजाय प्रदर्शन करेंगे।''

सिद्दरामय्या ने कहा, कर्नाटक की आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली में सभी दलों के सांसदों की बैठक बुलाने के मेरे गंभीर प्रयासों के बावजूद, केंद्रीय बजट में हमारे राज्य की मांगों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा, बैठक में शामिल हुईं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक के लोगों की चिंताओं की अनदेखी की। हमें नहीं लगता कि कर्नाटकवासियों की बात सुनी गई, लिहाजा नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है।

इस बीच, वृहत बेंगलूरु शासन (जीबीए) विधेयक का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा विरोध किए जाने के सवाल पर शिवकुमार ने कहा, वे मुद्दे का राजनीतिकरण करना चाहते हैं। मैं जल्दबाजी में कुछ नहीं करना चाहता हूं, मैंने केवल उसे सदन में रखा है।





# 'मुडा घोटाला' पर चर्चा कराये जाने की मांग को लेकर कर्नाटक विधानसभा में तीखी नोकझोंक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) द्वारा भूखंड आवंटित करने में कथित फर्जीवाड़े के मामले पर चर्चा कराये जाने को लेकर बुधवार को कर्नाटक विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्षी दल के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस मामले पर विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया। भूखंड प्राप्त करने वालों में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की पत्नी पार्वती भी शामिल हैं।

सत्तारूढ़ कांग्रेस ने नियमों का हवाला देते हुए अध्यक्ष से इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया, जबकि विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि संदेह की सुई राज्य के सबसे ''महत्वपूर्ण व्यक्ति'' के परिवार की ओर इशारा कर रही है और मांग की कि चर्चा की अनुमति दी जाए। विपक्ष ने मामले की जांच के लिए जांच आयोग के गठन के पीछे राजनीतिक मकसद का भी आरोप लगाया और कहा कि इसका उद्देश्य सदन को इस मुद्दे पर बहस करने का मौका देने से रोकना है। अध्यक्ष ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद, क्योंकि विपक्ष द्वारा दिया गया स्थगन नोटिस कोई अत्यावश्यक मामला नहीं है और आरोपों की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया गया है, साथ ही यह मामला तत्काल घटित नहीं हुआ है, इसलिए इसे खारिज कर दिया गया है। यह आरोप लगाया गया है कि सिद्दरामय्या की पत्नी को मैसुरु के एक उच्चस्तरीय क्षेत्र में उस भूखंड को आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था, जिसे मुडा द्वारा ''अधिग्रहित'' किया गया था।

विपक्ष के नेता आर. अशोक जैसे ही इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाने के लिए दबाव बनाने लगे, विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल ने कहा कि नियमों के अनुसार इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हो सकती। कर्नाटक विधानसभा में प्रक्रिया और ''कार्य संचालन'' के नियमों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जो मुद्दे किसी न्यायाधिकरण या आयोग या प्राधिकरण या अदालतों के समक्ष निर्णय के लिए निर्धारित हैं, उन पर आमतौर पर स्थगन प्रस्ताव के रूप में अनुमति नहीं दी जा सकती।

उन्होंने कहा कि जांच आयोग अधिनियम, 1952 के अनुसार आरोपों की जांच के लिए सरकार द्वारा 14 जुलाई, 2024 को उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. एन. देसाई की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया था। भाजपा के वरिष्ठ विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष जांच की प्रक्रिया में बाधा डाले बिना चर्चा की अनुमति दे सकते हैं। पाटिल ने सवाल किया कि क्या यह मामला स्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाने के लिए वास्तव में ''जरूरी'' था।

अशोक ने कहा कि यह घोटाला कथित तौर पर 3,000 करोड़ रुपये का है और उन्होंने पूछा, क्या इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिए? दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव के नोटिस को खारिज कर दिया और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दी।



# कृषि मंत्री चौहान ने देवेगौड़ा से मुलाकात की; कर्नाटक के कृषि मुद्दों पर चर्चा

बेंगलूरु/नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा से मुलाकात की और कर्नाटक के समक्ष आ रहे कृषि संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। चौहान ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।'' बैठक के बाद, जद (एस) सुप्रीमो गौड़ा ने भी ट्वीट किया कि उन्होंने कर्नाटक में कृषि से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर उपयोगी चर्चा की। जद (एस) भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में महत्वपूर्ण सहयोगियों में से एक है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय, द्वितीय तल, 139, ब्रॉडवे, चेन्नई-600108

**पट्टे पर परिसर की आवश्यकता**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंकिंग प्रयोजन हेतु **अन्ना नगर** में भूतल पर **2000-2200 वर्ग** फीट कालीन क्षेत्र के लिए तैयार स्थिति में एक उपयुक्त परिसर की आवश्यकता है, जो अधिमानत: हमारे वर्तमान **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, अन्ना नगर, डी नं 231, वाई ब्लॉक, 6वां मेन रोड, अय्यप्पन मंदिर रोड, अन्ना नगर, चेन्नई-600040** से 1-2 किमी के अंदर हो।

भावी विक्रेता जो स्वामित्व रखते हैं या परिसर के मालिक की ओर से बातचीत करने का अधिकार रखते हैं, वे कार्यालय समय के दौरान **25.07.2024 (गुरुवार)** से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, अन्ना नगर शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर से तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली के फार्मेट प्राप्त करें या वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in or https://eprocure.gov.in** से डाउनलोड करें और अपनी तकनीकी बोलीयों तथा मूल्य बोलीयों को, दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में डालकर, उसके ऊपर तकनीकी/मूल्य बोली लिखकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर(ब्रॉडवे क्षेत्रीय कार्यालय), सं.139, प्रकाशम सालै, ब्रॉडवे, द्वितीय तल, चेन्नै-600 108 को दिनांक **16.08.2024 (शुक्रवार)** के दोपहर **3.00 बजे** तक या उससे पहले प्रस्तुत करें। विक्रेता/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, उपरोक्त पते पर, **16.08.2024 (शुक्रवार)** को शाम **4.00 बजे** तकनीकी बोलियाँ खोली जाएगीं। कृपया दलाल या मध्यवर्ती संस्थाएं भाग न लें। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी/अर्ध सरकारी निकायों द्वारा पट्टे पर दी जानेवाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना कोई कारण बताए, बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार बैंक रखता है।

**उप महा प्रबन्धक**



# बजट में हुई हर क्षेत्र के लिए विकास की पहल : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित बजट 2024-25 में प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा गरीब के उत्थान को लक्ष्य में रखते हुए योजनाओं तथा कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि विकास की बयार से राजस्थान का कोई भी क्षेत्र अछूता ना रह जाए।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर और जैतारण से आई जनता की धन्यवाद सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में काम कर रहे जनप्रतिनिधि जनता की आम समस्याओं से वाकिफ होते हैं। साथ ही, जनता भी अपनी मांगों को लेकर उनके पास आती है। राज्य सरकार भी जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है तथा जनता से किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय फैसले किए हैं। संकल्प पत्र में किए गए लगभग 45 फीसदी वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपये का बोनस देकर 2,400 रुपये प्रति क्विंटल खरीद मुल्य किया और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देय राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये की। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी, पंचायती राज, नगरीय निकाय तथा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि जैसे अनेक जनकल्याणकारी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे तथा संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। उन्होंने 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत कर स्वच्छता का संदेश देने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्वपूर्ण काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी न केवल देश को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहते हैं अपितु पर्यावरण को संजोने लिए भी वे लगातार जागरूकता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने पर्यावरण दिवस, 5 जून को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की है जिससे अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि हम सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाकर उसकी देख-रेख का भी संकल्प लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में कोटा, ब्यावर तथा जैतारण के चहुंमुखी विकास के लिए ढेरों सौगातें दी गई हैं। जैतारण में 30 करोड़ रुपये की लागत से समौखी से बलाड़ा, पृथ्वीपुरा से लौटोती, बलुन्दा से खराड़ी, कालब खुर्द से काणूजा, बूटीवास से रास, निमाज से चावण्डिया कलां, कावलिया से आनन्दपुर कालू सड़कों के सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण का कार्य करवाया जायेगा। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर पर लगभग 110 करोड रुपये व्यय कर संबंधित रेलवे स्टेशनों को दो लेन सड़क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जैतारण में 220 केवी जीएसएस निर्माण, रास-ब्यावर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना, जैतारण में सहायक अभियंता (खनिज) कार्यालय, ब्यावर में अनुसूचित जाति छात्रावास खोले जाएंगे तथा निम्बाज (जैतारण) पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नयन किया जायेगा। शर्मा ने कहा कि औद्योगिक नगरी, कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण-कोटा का ईको सेंसेटिव जोन के रूप में चिन्हीकरण कर मास्टर प्लान, रामगंज मण्डी में महिला पुलिस थाना, स्टोन मण्डी एवं स्टोन कलस्टर का उन्नयन सहित अनेक सौगातें कोटा को दी गई हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प पर काम करते हुए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए योजनाओं तथा कार्यक्रमों का संचालन कर रही है तथा उनका उत्थान राज्य सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम सबको भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। 'सबका साथ-सबका विकास' की सोच के साथ ही विकसित राजस्थान और विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में विकसित राजस्थान-2047 की रूपरेखा तैयार की है। राज्य सरकार सभी क्षेत्रों तथा सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विधायक शंकर सिंह रावत ने बजट में ब्यावर को दी गई ढेरों सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## संदिग्ध गौ तस्करों ने पिकअप वाहन चालक को मारी गोली, मौत

जयपुर। राजस्थान के डीग जिले में संदिग्ध गौ तस्करों के एक समूह ने मंगलवार देर रात एक पिकअप वाहन के चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पिकअप वाहन में कथित रूप से गायों की तस्करी की जा रही थी। डीग के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि घटना मंगलवार देर रात करीब दो बजे उस समय हुई जब दो लोग पिकअप वाहन में गायों की तस्करी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पुलिस ने वाहनों का पीछा किया और इस दौरान पिकअप में सवार युवकों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं। मीणा ने बताया कि इस घटनाक्रम के दौरान ही कुछ दूरी पर दो अन्य संदिग्ध गौ तस्कर गायों को पकड़ रहे थे। हंगामा के बीच उन्होंने भी पिकअप वाहन पर गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया, एक गोली उस पिकअप वाहन के चालक को लगी, जिसका पुलिस पीछा कर रही थी।

## किरोड़ी लाल मीणा ने प्रश्न पत्र लीक मामलों की जांच में तेजी लाने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान मंत्रिमंडल से हाल ही में इस्तीफा देने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और विधायक किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) से प्रश्न पत्र लीक मामलों की जांच में तेजी लाने की मांग की। उन्होंने यह भी दावा किया कि वरिष्ठ शिक्षक भर्ती के प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार भूपेन्द्र सारण ने उन्हें पत्र लिखकर एसओजी के एक निरीक्षक द्वारा 64 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने की जानकारी दी है।

मीणा ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) वीके सिंह को एक पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मीणा ने सिंह को एक और पत्र दिया और आरएएस परीक्षा-2021 प्रश्न पत्र लीक मामले में व आरएएस-2018 भर्ती के लिए साक्षात्कार में कथित अनियमितताओं में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व सदस्य शिव सिंह राठौड़ की भूमिका की जांच की भी मांग की।

उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की मिलीभगत से अनियमितताएं की गईं। राज्य में लोकसभा चुनाव में कुछ सीट पर भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था हालांकि, उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है।




## अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का उत्थान हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि परिवर्तित बजट 2024-25 में युवा, महिला, किसान तथा गरीबों के उत्थान को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि विकास की बयार से राजस्थान का कोई भी क्षेत्र अछूता न रह जाए। शर्मा, मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए कोटा, ब्यावर और जनता से आई जनता की धन्यवाद सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में काम कर रहे जनप्रतिनिधि जनता की आम समस्याओं से वाकिफ होते हैं। साथ ही, जनता भी अपनी मांगों को लेकर उनके पास आती है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भी जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है तथा जनता से किए गए वादों को पूरा किया जाएगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए उल्लेखनीय फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए लगभग 45 फीसदी वादे पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह जनहितैषी निर्णय लिए जाएंगे तथा संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2014 के बाद देश में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं।

उन्होंने 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत कर स्वच्छता का संदेश देने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान चलाकर लड़के-लड़कियों का लिंगानुपात सुधारने का महत्वपूर्ण काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न केवल देश को आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से आगे बढ़ाना चाहते हैं बल्कि पर्यावरण को संजोने लिए भी वे लगातार जागरूकता ला रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति के क्रम में महत्वपूर्ण प्रगति अर्जित की है। प्रदेश में 28 हजार 500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा एवं 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाओं के लिए 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये के निवेश हेतु एमओयू हो चुके हैं। साथ ही, प्रसारण तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश पर हस्ताक्षर भी हुए। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन के मध्य 600 मेगावाट सौर ऊर्जा परचेज एग्रीमेंट हस्ताक्षरित हो चुका है। उन्होंने बताया कि 8 हजार मेगावाट सौर एवं 3 हजार 200 मेगावाट कोल आधारित परियोजनाओं के लिए टैरिफ आधारित निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। इन परियोजनाओं की स्थापना से 64 हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा।

उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रेरित होकर हम सब कार्य कर रहे हैं और प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि जल जीवन मिशन में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है जिससे आगामी समय में प्रदेश में पेयजल की समस्या का समाधान हो पाएगा। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान विद्युत कुप्रबंधन के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति एवं उत्पादन अव्यवस्थित हो गया था। लेकिन हमारी सरकार द्वारा ऊर्जा उत्पादन पर ठोस कार्य-योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है।

## राजस्थान के 98.23 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली योजना का लाभ : मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि राज्य में पूर्ववर्ती सरकार के समय के पंजीकृत सभी 98 लाख 23,314 घरेलू उपभोक्ताओं को 'मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना' का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा यह योजना बंद नहीं की गई है और न ही इसके प्रावधानों में कोई बदलाव किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने चुनाव नजदीक देखकर यह घोषणा की थी। अगर उनकी मंशा सभी 'गैर पंजीकृत' उपभोक्ताओं को भी लाभ देने की होती तो पंजीकरण प्रक्रिया की आवश्यकता ही नहीं होती। मंत्री ने बताया कि प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं का 'फ्यूल सरचार्ज' राज्य सरकार वहन कर रही है।

उन्होंने सदन को बताया कि अधिक उत्पादन लागत तथा विद्युत उत्पादन संयंत्रों के बढ़े हुए 'फ्यूल वेरियेबल चार्जेज' के आधार पर राज्य विद्युत विनियामक आयोग के आदेशानुसार ही यह 'फ्यूल सरचार्ज' उपभोक्ताओं से लिया जा रहा है। नागर ने जानकारी दी कि राज्य में करीब 1.29 करोड़ घरेलू उपभोक्ता हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत करीब 98.23 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली योजना के तहत अनुदान दिया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने इससे पहले विधायक मनोज कुमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा विद्युत उपभोग चार्ज के अतिरिक्त अन्य शुल्क एवं करों को कम करने, उपभोक्ताओं को समान रूप से 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने तथा वंचित उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली देने हेतु पंजीकरण करवाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।



## उप मुख्यमंत्री ने दिखाई नई रोडवेज बसों को हरी झंडी, समाधान पोर्टल का भी किया लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को रोडवेज़ मुख्यालय से 5 नई बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन को बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए रोडवेज बेड़े में नई बसों को शामिल किया गया है । उन्होंने कहा कि बजट घोषणा में 1650 कार्मिकों की भर्ती एवं 1300 नई बसें शामिल करने की घोषणा मुख्यमंत्री के आमजन को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन की मुहैया कराने की दृढ इच्छा शक्ति को दर्शाती है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने यह भी जानकारी दी कि बेड़े में शामिल बसें नवीनतम प्रदूषण नियंत्रण मानक युक्त बीएस-6 श्रेणी की है जिसकी बस बॉडी का निर्माण कार्य नवीनतम बस बॉडी कोड एआईएस-052 अनुसार करवाया गया हैं जो उन्हें और अधिक सुरक्षित बनाता है। यह सभी वाहन वीटीएस (व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम) एवं महिला सुरक्षा हेतु पैनिक बटन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। इसके साथ ही इनमें यात्रियों की सुविधा के लिए प्रत्येक पंक्ति में मोबाईल चार्जर सॉकेट लगाये गये है।

उप मुख्यमंत्री ने यात्रियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए निगम की आईटी शाखा द्वारा तैयार समाधान पोर्टल का भी लोकार्पण किया।

विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध पोर्टल के माध्यम से टिकटधारकों को बिना कार्यालय में उपस्थित हुए शिकायत दर्ज करवाने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## स्काउट्स और गाइड्स से मिलकर डिप्टी सीएम दीया कुमारी बोली- हमारी सरकार आपके भविष्य को संवारेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। प्रदेश के कोने-कोने से आज हिंदुस्तान स्काउटस और गाइड्स के 500 से भी ज्यादा स्कॉउटस और गाइड राज्य के बजट में चार करोड़ रुपये का अनुदान जारी किये जाने के लिए उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद देने के लिए उनके निवास पर एकत्र हुए थे। दीया कुमारी ने कहा कि केन्द्र और राज्य दोनों के बजट का मुख्य उद्देश्य विकसित राजस्थान और विकसित भारत के लिए मजबूत नींव रखना है। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल विकास, रोजगार के अवसर और राज्य के आधारभूत ढाँचे को मजबूत करने से ये विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और हम सब उसी दिशा में काम कर रहे हैं।

इसके साथ की राज्यभर से आये कई अन्य शिष्टमंडलों, संस्थानों और विशिष्ट जनों ने आज उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को बजट में की गई विकासोन्मुखी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ आज उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की और श्री खाटू श्याम जी मंदिर में सुविधाओं के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा करने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

इंडियन हेरिटेज होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर राज्य में पर्यटन को गति देने के लिए बजट में उनके द्वारा की गई घोषणाओं के लिए उनका आभार जताया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने आज जैतारण और ब्यावर विधानसभा और कोटा-दक्षिण से विधायक संदीप शर्मा ने अपने इलाके के गणमान्य लोगों के शिष्टमंडल के साथ बजट में की गयी घोषणाओं के लिए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार जताया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राजस्थान सरकार ने हुड़कों के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी, जल संसाधन विकास मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मौजूद थे। वित्त मंत्री ने इस एमओयू को एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे राजस्थान के विकास के लिए विभिन्न वित्त जरूरतें समय पर पूरी हो पायेगी। इस अवसर पर हुड़कों के अध्यक्ष और प्रंबध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ भी मौजूद थे। इसी के साथ, आज सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में रि़न्यू हंस उर्जा प्राईवेट लिमिटेड के साथ भी राजस्थान की पॉवर डिस्कॉम और राजस्थान उर्जा विकास निगम लिमिटेड के बीच अगले 25 साल के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेन्ट किया। इस प्रोजेक्ट की ख़ास बात ये है कि इस प्रोजेक्ट से मिलने वाली बिजली की कीमत 2.18 रुपये प्रति यूनिट है, जो देश में अब तक की सबसे कम दर है।



## राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा 21 दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय इन्टर्नशिप कार्यक्रम का दीक्षान्त समारोह आज बुधवार को सचिवालय स्थित, उत्तर-पश्चिम भवन के समिति कक्ष में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी रहे। जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 39 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए और साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी इंटर्न्स को उनके जीवन में इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपनी पढाई को गंभीरता से जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने यह भी कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा के लिए राज्य की सक्रियता और दृष्टिकोण महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा में अधिवक्ताओं वकीलों के योगदान की भी सराहना की। समापन समारोह में इंटर्न्स ने विभिन्न समूहों में निजता और सूचना का अधिकार मानव अधिकार के रूप में,मानवाधिकारों के विकास और प्रवर्तन के लिए न्यायपालिका का योगदान और पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया गया। इंटर्न्स ने अपने 21 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान दिए गए उन्मुखीकरण के लिए आयोग के अध्यक्ष, सदस्य, पुलिस महानिरीक्षक, रजिस्ट्रार लॉ, उप सचिव और पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, शोध अधिकारी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों और आयोग के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इंटर्नशिप कार्यक्रम 3-24 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया । जिसमें देश के प्रतिष्ठित विधि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के विधि संकाय के विद्यार्थियों को मानवाधिकार और आयोग की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न विधि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



# बहगुल नदी पर अस्थायी पुल हटाए जाने से 200 से अधिक गांवों के लोग नाराज, किया प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शाहजहांपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बहगुल नदी पर बने अस्थायी पुल को हटाए जाने से 200 से ज्यादा गांव के लोग प्रभावित हुए हैं। पुल हटाए जाने से नाराज लोगों ने बुधवार को विरोध-प्रदर्शन किया।

स्थानीय लोगों ने कहा कि कलान इलाके में बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने के बाद अस्थायी पुल को हटा दिया गया, जिस कारण 200 से अधिक गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय आने के लिए 60 के बजाय 120 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में खासकर गंभीर बीमारियों के मरीजों को इलाज के लिए मुख्यालय तक ले जाना खासा मुश्किल हो गया है।

कलान के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) महेश कुमार ने बताया, बारिश में बहगुल नदी का जलस्तर बढ़ने के चलते अस्थायी पुल को हटाया गया है। इससे 212 से अधिक गांवों के लोग प्रभावित हैं उन्होंने बताया कि इस नदी पर वर्ष 2008 में बनाया गया पुल साल 2021 में टूट गया था। उसकी मरम्मत करके उस पर आवागमन शुरू हुआ लेकिन कमजोर होने की वजह से उस पर केवल दो पहिया वाहनों को ही आने-जाने की इजाजत है।

इसके अलावा नदी पर एक अस्थाई पुल भी बनाया गया था जिस पर दो पहिया के साथ-साथ कार जैसे चार पहिया वाहन भी आते-जाते थे लेकिन बारिश के कारण इस पुल को हटा लिया गया है।

कुमार ने बताया कि अब ग्रामीण मरम्मत किए गए उस पुराने पुल पर चार पहिया वाहन भी चलाने की मांग कर रहे हैं जिस पर सिर्फ दो पहिया वाहन ही ले जाने की इजाजत है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया, हमने पुल की जरूरत के बारे में सरकार को बता दिया है और मामले पर कार्रवाई जारी है।

# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा, पिछड़े राज्यों के प्रति नकारात्मक रवैये को दर्शाती है : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए बजट की कई घोषणाएं किए जाने के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के घटक दलों ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति 'भेदभावपूर्ण' बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश में क्रमश: सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) केंद्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के प्रमुख घटक हैं।

भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी गठबंधन 'इंडि' की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्षी दल इसके खिलाफ 'अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया' दे रहे हैं उन्होंने भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।



राव ने कहा कि 48 लाख करोड़ रुपए से अधिक के समग्र बजटीय व्यय के साथ केंद्रीय बजट 2024-25 ने समाज के हर वर्ग और देश के हर राज्य पर अपना ध्यान केंद्रित किया है उन्होंने कहा कि पिछड़े राज्यों, विशेष रूप से पूर्वी क्षेत्र को उनके विकास के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

वित्त मंत्री द्वारा बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए की गई बजटीय घोषणाओं का परोक्ष संदर्भ देते हुए राव ने कहा कि लेकिन विकास संबंधी जरूरतों और लंबे समय से चली आ रही उपेक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ राज्यों को कुछ आवंटन किए गए हैं उन्होंने कहा, इसलिए इस पृष्ठभूमि को देखते हुए कांग्रेस और इंडि गठबंधन का बजट का विरोध उनकी राजनीतिक हताशा को दिखाता है। यह कुछ पिछड़े राज्यों के प्रति उनके नकारात्मक रवैये को दर्शाता है जिन पर विशेष ध्यान देने और विकास की जरूरत है।

भाजपा नेता ने कहा, आंध्र प्रदेश को निश्चित तौर पर विशेष वित्तीय सहायता की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस के कारण राज्य को विभाजन के बाद नुकसान झेलना पड़ा है।

राव ने कहा कि बजट की आलोचना कर रही कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख किया था कि वह सत्ता में आने पर आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देगी उन्होंने कहा, वे इस तरह के खोखले वादे करते हैं क्योंकि उन्हें एहसास है कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के लोगों के साथ विश्वासघात किया है और वे इससे बाहर नहीं निकल सकते। आंध्र प्रदेश में (हालिया चुनावों में) वे घटकर एक प्रतिशत वोट शेयर वाली पार्टी बनकर रह गए हैं।

# बजट संघवाद की भावना के खिलाफ, सिर्फ अमीरों पर ध्यान दिया गया : तृणमूल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस ने आम बजट की तीखी आलोचना की और कहा कि यह संघवाद की भावना के खिलाफ है जिसमें सिर्फ देश के धनी एवं कार्पोरेट जगत का ख्याल रखा गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में केंद्रीय बजट (2024-25) पेश किया था।

उच्च सदन में केंद्रीय बजट (2024-25) पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस सदस्य जवाहर सरकार ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बजट की निंदा करते हुए कहा कि एक ओर यह संघवाद की भावना के खिलाफ है वहीं इसमें आम लोगों के कल्याण पर जोर नहीं दिया गया है।

सरकार ने कहा कि केंद्र मनरेगा, आवास, ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न मदों में पश्चिम बंगाल के बकाए



का भुगतान नहीं कर रहा है और राशि जारी करने के लिए शर्तें थोप रहा है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के खिलाफ 'आर्थिक युद्ध' चला रही है क्योंकि राज्य में भाजपा को सफलता नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत को स्वीकार नहीं करती और न ही वह जातिवाद में विश्वास करती है। उन्होंने कहा, हमें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है उन्होंने दावा किया कि सरकार राज्यों के साथ भेदभाव कर आग से खेल रही है और उसे लोगों की भावना के साथ नहीं खेलना चाहिए उन्होंने कहा कि इस बजट के जरिए सरकार ने एक अच्छा अवसर गंवा दिया। उन्होंने कहा कि बजट में सोना, चांदी, प्लैटिनम आदि का जिक्र है जिसका संबंध धनी लोगों से है लेकिन इसमें आम लोगों या छोटी बचत योजनाओं का कोई जिक्र नहीं है उन्होंने बजट में गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसमें पंजाब या पश्चिम बंगाल जैसे उन राज्यों का कोई जिक्र नहीं है जहां हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

तृणमूल सदस्य सरकार ने आरोप लगाया कि यह सरकार कार्पोरेट जगत के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में निजी आय कर की मात्रा में वृद्धि हो रही है जबकि कार्पोरेट आयकर में कमी आ रही है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण देश में पूंजी निर्माण नहीं हो रहा है।

## बजट से देश भर में निराशा, ओडिशा के साथ हुआ सौतेला व्यवहार: बीजद



**नई दिल्ली/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) ने बुधवार को कहा कि आम बजट से देश भर के लोगों को निराशा हुई और जिस प्रकार से ओडिशा के साथ सौतेला व्यवहार कर उसकी उपेक्षा की गई है, उससे इस पूर्वी राज्य के लोग दुखी हैं। आम बजट 2024-25 पर राज्यसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए बीजद के सुजीत कुमार ने कहा, बजट ने देश भर के लोगों को निराश किया है। आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए तो आकर्षक घोषणाएं की गई हैं और इससे हमें कोई दिक्कत भी नहीं है लेकिन ओडिशा जैसे राज्यों के साथ सौतेला व्यव्हार किया गया। ओडिशा की जनता इससे दुखी है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत की बात करती है लेकिन क्या ओडिशा को विकसित किए बगैर देश विकसित हो सकता है। कुमार ने बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और रक्षा जैसे क्षत्रों में जीडीपी का बहुत कम प्रतिशत खर्च करने पर निराशा जताई उन्होंने कहा कि पिछले बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार की प्राथमिकताओं के तौर पर 'सप्तऋषि' की घोषणा की थी और इस बार भी उन्होंने अपनी नौ प्राथमिकताएं गिनाई हैं।

## सरकार ने पिछले दस साल में 24 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाल कर उनके आंसू पोंछे : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बजट में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं करने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकारते हुए भाजपा के डॉ राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में 24 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाल कर उनके आंसू पोंछे हैं।

आम बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के डॉ. अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 2014 में सरकार बनायी थी तो उनकी प्राथमिकता, गरीब, नौजवान, महिलाएं और किसान थे तथा अभी तक उनकी सरकार ने जो भी नीतियां एवं कार्यक्रम बनाए हैं, उनमें इन वर्गों को ध्यान में रखा गया है उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने बजट चर्चा में भाग लेते हुए अर्थव्यवस्था के बारे में कई बातें कीं किंतु उन्हें यह बताना चाहिए कि देश में 65 साल तक उनकी पार्टी



के शासन में देश की 53 प्रतिशत जनता ने बैंक का मुंह क्यों नहीं देखा। उन्होंने कहा कि इसी वर्ग को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन योजना शुरू की और करोड़ों लोगों को बैंक सुविधा से जोड़ा। अग्रवाल ने कहा कि विपक्षी कांग्रेस को इस बात पर शर्म आनी चाहिए कि उन्होंने अपने शासन के 65 सालों में महिलाओं को कोई इज्जत नहीं दी और वे खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर थीं। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया जाना चाहिए कि उन्होंने स्वच्छता अभियान शुरू कर महिलाओं को सम्मान प्रदान किया।

## बजट में बिहार को कुछ मिला है तो उस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए : जद(यू) सांसद



**नई दिल्ली/भाषा।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद दिनेश चंद्र यादव ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट में अगर बिहार को सहायता मिली है तो उस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए उन्होंने केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि केंद्र सरकार से जो मिला है वह पर्याप्त नहीं है, लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार है। मधेपुरा से लोस सदस्य यादव ने कहा, कुछ तकनीकी कारण से विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल रहा है। अगर बिहार को कुछ मिल गया तो किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उनका कहना था कि जो पिछड़ा हुआ है, उसकी मदद तो होनी चाहिए। बिहार के पिछड़ेपन को देखते हुए राज्य को राशि मिली है। प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार के सुझाव को कुछ हद तक मानकर यह पैसा दिया है...हम प्रधानमंत्री जी का आभार जताते हैं उन्होंने सरकार से आग्रह भी किया कि सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी की जाए।

## टीएमसी विधायक ने बंगाल विधानसभा परिसर में मुझ पर हमला करने की कोशिश की : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक तपन चटर्जी ने विधानसभा परिसर में उनके साथ गाली-गलौज की और उन पर हमला करने की कोशिश की। विधानसभा परिसर में हुई कथित घटना के संबंध में अधिकारी ने विधानसभाध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय को एक पत्र लिखकर चटर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नंदीग्राम से भाजपा के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने पत्र में बंद्योपाध्याय को घटना के लिए एक तरह से जिम्मेदार ठहराया, क्योंकि विधानसभाध्यक्ष ने विस परिसर के अंदर विधायकों के निजी अंगरक्षकों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। अधिकारी ने पत्र में कहा, मैं यह बताना चाहता हूं कि आज दोपहर करीब 12.20 बजे लॉबी में पूरबस्थली के विधायक तपन चटर्जी मेरी ओर दौड़े और मुझ पर हमला करने की कोशिश की तथा अन्य विधायकों और पत्रकारों के सामने अपशब्द कहे। मैं विधानसभा परिसर के अंदर असुरक्षित महसूस कर रहा था

## सरकार अर्थव्यवस्था की गाड़ी ठीक नहीं कर पाई, सिर्फ 'हॉर्न' की आवाज बढ़ा दी: थरूर



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने बुधवार को केंद्रीय बजट की तीखी आलोचना की और कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था की गाड़ी ठीक नहीं कर पाई तो सिर्फ ''हॉर्न की आवाज बढ़ा दी''। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य क्षेत्र और शिक्षा की अनदेखी की है।

थरूर ने कहा, यह भारी-भरकम बजट एक बुरी तरह गंवाया गया अवसर है। एक बार फिर, सरकार ने भारत के लोगों को निराश किया है। बजट, कई मायनों में, इस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का प्रतीक है और इसकी विभाजनकारी नीतियों ने उनकी वित्तीय लापरवाही को और भी बदतर बना दिया है उन्होंने दावा किया कि यह बजट पूरी तरह से स्पष्ट करता है कि भाजपा के पास विचार खत्म हो गए हैं। थरूर ने कहा, उनकी प्राथमिकताएं मुख्य रूप से अपने दो सहयोगियों को खुश करने के इर्द-गिर्द घूमती हैं। वे भूल जाते हैं कि 26 अन्य राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश भी हैं जिनके लोगों के पास खुश होने के लिए कुछ भी नहीं है उन्होंने कहा कि बिहार को राजमार्गों के लिए 26,000 करोड़ रुपए मिले हैं, लेकिन कर्नाटक को बेंगलूरु में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के लिए कुछ भी नहीं मिला। थरूर ने अर्थव्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों के पास कपड़ों के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन एसयूवी की खरीद बढ़ रही है।

# एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक; इसके लिए दबाव बनाएंगे: राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की।

मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि 'इंडि' गठबंधन के नेताओं से चर्चा कर, हम सरकार पर एमएसपी



की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे। बाद में उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक़ है। 'इंडि' गठबंधन ये हक़ उनको दिला कर रहेगा। इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा, गुरजीत सिंह औजला, धर्मवीर गांधी, अमर सिंह, दीपेंद्र सिंह हुड्डा और जय प्रकाश भी मौजूद थे। इस प्रतिनिधिमंडल में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक के 12 किसान नेता शामिल थे।

सूत्रों ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को अपने-अपने राज्यों में किसानों के सामने आने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

## शीतकालीन ओलंपिक: फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी

**पेरिस/एपी।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा, हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। हम अपनी प्रतिबद्धताओं का पूरा सम्मान करेंगे।

## नीतीश के फिर बिगड़े बोल: अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो!



**पटना/भाषा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि 'अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान को लेकर एक बार फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा, मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम या नफरत है? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्य हंगामा और नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच मुख्यमंत्री हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं। मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा,, अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। इन लोगों(राजद) ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ।



# कैमरून में फंसे झारखंड के 27 श्रमिक लौटे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** मध्य अफ्रीका के कैमरून में कथित रूप से फंसे झारखंड के 27 मजदूर बुधवार को राज्य में लौट आए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन मजदूरों ने हाल में एक वीडियो संदेश में यह दावा करते हुए राज्य सरकार से मदद मांगी थी कि उन्हें उनके नियोक्ता तनख्वाह नहीं दे रहे हैं और उन्हें खाने-पीने तक का इंतजाम करने में दिक्कत हो रही है। एक सरकारी बयान के अनुसार इसके बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विदेश मंत्रालय को एक पत्र लिखकर उससे इन प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की। सोरेन ने 'एक्स' पर लिखा, हमें अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 27 लोगों की मुश्किलों के बारे में पता चला। उसके बाद झारखंड सरकार ने पहल की और उन्हें बकाया 30 लाख रुपए दिलवाए एवं उन्हें राज्य में वापस लाया गया उन्होंने कहा कि वापसी के बाद हर श्रमिक को 25000 रुपए की वित्तीय सहायता भी दी गई। बयान के अनुसार दिन में ये श्रमिक गिरिडीह के पारसनाथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। इन 27 श्रमिकों में 18 बोकारो जिले के, पांच हजारीबाग के और चार गिरिडीह के हैं। उनमें से एक श्रमिक ने कहा कि एक एजेंसी 29 मार्च को उन्हें इस अफ्रीकी देश में ले गई थी। उसने संवाददाताओं से कहा, हमने चार महीने तक एक ठेकेदार के अधीन काम किया लेकिन हमें कोई तनख्वाह नहीं मिली। हमें खाने-पीने की भी दिक्कत होने लगी। झारखंड के श्रम सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि उनके विभाग में 10 लाख श्रमिकों का पंजीकरण है।

# मेरे लिए 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाली स्थिति है: तरुणदीप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेरिस/भाषा।** अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक 'मेंटोर' के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाली स्थिति है।

चालीस साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैम्पियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैम्पियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना



पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि 'अभी नहीं तो कभी नहीं'। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो। सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। टोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे उन्होंने कहा, ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। राय ने कहा, इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आए हैं जो सकारात्मक हैं। टोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाए हैं।

अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे। राय ने कहा, हमेशा उम्मीदें रहती हैं। हमारे पास पदक जीतने की काबिलियत थी, लेकिन मामूली अंतर से इससे चूकते रहे और खाली हाथ लौटे उन्होंने कहा, पर इस बार हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, हमने इन चीजों को नियंत्रण में रखा है।

## सुविचार

खरीद सकते तो उसे ज़िन्दगी बेच कर खरीद लेते, पर कुछ लोग कीमत से नहीं किस्मत से मिला करते हैं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अजब फिक्र, गजब मापदंड

अमेरिका के शीर्ष राजनयिक डोनाल्ड लू का यह बयान कई विरोधाभासों से भरा हुआ है कि उनके देश के प्रशासन ने पाकिस्तान के लिए 'लोकतंत्र को मजबूत करने, आतंकवाद से लड़ने और अर्थव्यवस्था को स्थिर करने' के लिए 101 मिलियन डॉलर का बजट मांगा है! इतने वर्षों तक देश-दुनिया के घटनाक्रम पर नजर रखने वाले डोनाल्ड लू क्या यह नहीं जानते कि पाकिस्तान में न तो लोकतंत्र है, न वह देश आतंकवाद से लड़ने की इच्छाशक्ति रखता है और न ही अर्थव्यवस्था की स्थिरता को लेकर उसके पास कोई योजना है? इसके बावजूद वे अमेरिकी जनता की गाढ़ी कमाई से पाक को 101 मिलियन डॉलर का तोहफा देना चाहते हैं! क्या यह राशि सच में इन्हीं प्राथमिकताओं पर खर्च होगी, जिनका डोनाल्ड लू जिक्र कर रहे हैं? एक तरफ तो अमेरिका आतंकवाद को कुचलने के लिए अपना संकल्प दोहराता है, दूसरी तरफ उस देश के नेतृत्व को भारी-भरकम रकम देने की तैयारी करता है, जिसने कई देशों में आतंकवाद फैलाकर मानवता को लहूलुहान किया है! ये दोहरे मापदंड क्यों? ऐसा तो नहीं है कि डोनाल्ड लू और अन्य वरिष्ठ राजनयिक पाकिस्तान की हकीकत न जानते हों। पाक में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से फौज का शासन रहा है। आज भी पर्दे के पीछे से फौज ही शासन चला रही है। तो डोनाल्ड लू किस लोकतंत्र को मजबूत करने की बात कर रहे हैं? जिस 'लोकतंत्र' को मजबूत करने के लिए अमेरिका पाक में इतनी बड़ी रकम झोंक रहा है, एक बार उसके कर्ताधर्ताओं को देख लेना चाहिए कि वह किन फाइलों में दबकर दम तोड़ चुका है?


पाकिस्तान को आतंकवाद से लड़ने के लिए आर्थिक सहायता देना किसी खूंखार अपराधी को हथियारों का जखीरा देने जैसा है, जो भविष्य में उसका इस्तेमाल अपना गिरोह तैयार करने और आम लोगों पर धावा बोलने में करेगा। अतीत में पाकिस्तान को जब भी विदेशी सहायता मिली, उसने उसका इस्तेमाल अपनी जनता की भलाई के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और आतंकवाद को फैलाने के लिए किया था। अमेरिका उसे फिर बड़ी रकम दे रहा है! कोई आश्चर्य नहीं, अगर इसका एक बड़ा हिस्सा आतंकवाद फैलाने पर खर्च हो जाए। इससे भारत की सुरक्षा के लिए चुनौतियां पैदा होंगी। डोनाल्ड लू के बयान का यह हिस्सा अत्यंत हास्यास्पद है कि मांगे गए बजट का एक मकसद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर करना भी है! पाक अपनी अर्थव्यवस्था खुद स्थिर नहीं करना चाहता, तो अमेरिका कैसे करेगा? अपने बूते मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण, नागरिकों की भलाई, खुशहाली, भविष्य की बेहतरी के लिए ठोस योजना ... ये बातें पाकिस्तान की प्राथमिकताओं में दूर-दूर तक दिखाई नहीं देतीं। इस समय जब पाक कंगाली के कगार पर खड़ा है, वहां आटा, दाल, सब्जी, तेल, दवाइयों समेत जरूरत की हर चीज़ के दाम आसमान छू रहे हैं, तो उसके नेता, फौजी अफसर, विश्लेषक और मीडियाकर्मी 'कश्मीर राग' अलापने में व्यस्त हैं। ऐसा नहीं है कि यह तबका ही इस किस्म की सोच रखता है। वहां कई मशहूर यूट्यूब चैनलों के सर्वेक्षणों में यह बात बार-बार सामने आ चुकी है कि ज्यादातर आम पाकिस्तानी अपने जीवन की बेहतरी के बजाय भारत के अहित को प्राथमिकता देते हैं। वहां लोग खुलकर स्वीकार करते हैं कि वे और महंगाई बर्दाश्त करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते भारत को नुकसान पहुंचे। क्या इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास अपने उच्चाधिकारियों को ऐसी खुफिया रिपोर्टें नहीं भेजता कि पाकिस्तानी नागरिकों का मिज़ाज कैसा है? अगर डोनाल्ड लू वास्तव में पाकिस्तान में लोकतंत्र, शांति और अर्थव्यवस्था को लेकर फिक्रमंद हैं तो उसे दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर प्रतिबंध लगाने, पाक फौज के उच्चाधिकारियों को आतंकवाद व अशांति के लिए जिम्मेदार ठहराने तथा दाऊद इब्राहिम, हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को तुरंत भारत को सौंप देने की सिफारिश करें। पाकिस्तान को डॉलर देने से नेता व फौजी अफसर मौज उड़ाएंगे और आतंकवादी खूब उत्पात मचाएंगे।

## ट्वीटर टॉक



सच तो ये है कि जिस तरह की महँगाई है उसमें घर चलाना, बच्चों को पढ़ाना और घर के बड़े बुजुर्गों के दवा-इलाज के लिए बचाना नामुमकिन है, ये बातें परिवारवाले बख़ूबी जानते हैं। इसीलिए 1 लाख महीने में भी घर खींचतान के चलता है।

**-अखिलेश यादव**



श्री खाटू श्याम जी मंदिर के विकास के लिए राजस्थान बजट के अंतर्गत 100 करोड़ की धनराशि की घोषणा के बाद आज श्री खाटू श्याम जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त किए गए आभार के लिए साधुवाद।

**-दीया कुमारी**



बजट में सीमा शुल्क की दरों में कमी किए जाने से कैंसर की दवाईयों, मोबाइल फोन, सोलर सेल और पैनलों की लागत में कमी आएगी। इन घोषणाओं से आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में विकसित भारत-विकसित राजस्थान का लक्ष्य प्राप्त होगा।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# अच्छी करनी का सुफल

एक दिन स्कॉटलैंड के एक गरीब किसान फ्लेमिंग ने निकट के दलदल से किसी की मदद के लिए चिल्लाने की आवाज सुनी। किसान आवाज सुनते ही दलदल की ओर दौड़ा, जहां एक लड़का कमर तक कीचड़ में धंसा था और निकलने की चेष्टा कर रहा था। किसान ने उसे बचा लिया। अगले दिन किसान से एक राजपुरुष मिले, जो कृषक द्वारा बचाए गए बच्चे के पिता थे। उसने किसान को कृतज्ञता जताते हुए धन की थैली भेंट करनी चाही। किंतु किसान ने धन लेने से मना कर दिया। राजपुरुष ने किसान के पास खड़े उसके लड़के को देखकर कहा, 'ठीक है, मैं तुम्हारे बेटे को वैसे ही शिक्षा दिलवाऊंगा जैसी मैं अपने पुत्र को दिलवा रहा हूं। यदि तुम्हारा लड़का कुछ बन गया तो हम दोनों गौरवान्वित होंगे।' इस तरह किसान के लड़के ने स्कूली शिक्षा पाने के बाद 'सेंट मेरीज हॉस्पिटल मेडिकल स्कूल' से डॉक्टरी पास कर ली। कालांतर में लड़का पूरे विश्व में सर एलेक्जेंडर फ्लेमिंग के नाम से विख्यात हुआ। उन्हें पेनिसिलिन की खोज पर नोबेल पुरस्कार मिला था। जिस लड़के की इनके पिता ने जान बचाई थी उनको न्यूमोनिया हुआ, जिसको किसान के पुत्र की खोजी हुई पेनिसिलिन ने एक बार फिर जीवनदान दिया।

## सामयिक

# ट्रम्प के सामने कमला हैरिस इतिहास बना पायेंगी?

आचार्य विष्णु श्रीहरि
मोबाइल : 9315206123





भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति का चुनाव जीत कर इतिहास बना सकती है क्या? डेमोक्रेट पार्टी ने समझदारी दिखायी, उनके सामने हार निश्चित लग रही थी, जो बाइडन लगातार कमजोर साबित हो रहे थे, वे किसी भी स्तर पर मुकाबले में नहीं थे, शारीरिक रूप से भी और मानसिक स्तर पर भी पराजित स्थिति में थे। ऐसी परिस्थितियां सिर्फ और सिर्फ हार को सुनिश्चित कर रही थी। प्रारंभिक दौर से जो बाइडन पर राष्ट्रपति के उम्मीदवार से हटने का दबाव भी था लेकिन जो बाइडन हटने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन जब उनकी पार्टी पूरी तरह से उनके खिलाफ हो गयी तक जो बाइडन के सामने कोई विकल्प नहीं बचा था और उनके लिए पार्टी के विचार और निर्णय को स्वीकार करना ही था। अगर जो बाइडन अपनी पार्टी के विचार और निर्णय की अवहेलना की होती तो निश्चित तौर पर उनके सम्मान का संहार होता तथा इसके साथ ही साथ पार्टी से बाहर होने का भी खतरा होता। क्योंकि वे हटने से इनकार कर देते तो फिर डेमोकेट उन्हें स्वयं हटा देते, उनकी पार्टी राष्ट्रपति की उम्मीदवारी देने से इनकार कर सकती थी।

जो बाइडन के हटने से डेमोक्रेट की स्थिति कैसी होगी? डेमोक्रेट तगड़े मुकाबले में कहां तक टिक पायेंगे? जो बाइडन के बढती उम्र और उनकी यादश्त से उत्पन्न संकट और चुनौतियों का सामना डेमोक्रेट कैसे कर पायेंगे? दुनिया भर में अमेरिका की घटे चौधराहट को कैसे जनता को समझा सकते हैं, रूस और चीन की बढती धाक के सामने अमेरिका की हुई फीकी चमक और धूमिल हुई प्रतिष्ठा को कैसे बचाव कर सकते हैं? यूक्रेन युद्ध में अमेरिका की असफल नीति भी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में एक प्रमुख मुददा है। सबसे बडी बात इजरायल का मुद्दा है, इजरायल का बचाव करने और इजरायल की सुरक्षा करने में अमेरिका पीछे रहा है और अपनी स्थापित नीति से हटा। जो बाइडन इजरायल के आक्रामक जवाब के विरोधी रहे थे, इस कारण हमास और हिजबुल्लाह नामक खूनी आतंकवादी संगठनों को मुस्लिम हिंसक समूहो से व्यापक समर्थन मिला।

जो बाइडन के हटने से कमला हैरिस का भाग्य खुल गया है, अंधे के हाथ में कबूतर मिलने की कहावत सच हो गयी। कमला हैरिस को दूर-छूद तक यह उम्मीद नही थी कि उन्हें डेमोक्रेट पार्टी की ओर से राष्ट्रपति उम्मीदवारी का अधिकार मिलेगा? कमला हैरिस तो राष्ट्रपति बनने का सपना तो देखी थी लेकिन डेमोक्रेट उन्हे यह अधिकार देने के लिए तैयार नहीं थे। अधिकतर डेमोकेट जो बाइडन के साथ ही खडे थे। अमेरिका में यह परम्परा भी है कि राष्ट्रपति पद आसीन व्यक्ति को पार्टियां दुबारा राष्ट्रपति का चुनाव लडने का अवसर देती हैं। बराब ओबामा और बिल किलंटन को भी ऐसा अवसर मिला था। डोनाल्ड ट्रम्प को भी दुबारा राष्टपति का चुनाव लडने का अधिकार उनकी पार्टी ने दिया था लेकिन दुर्भाग्य से डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति का चुनाव हार गये थे। इसी परमपरा के तहत जो बाइडन को दुबारा चुनाव लडने के लिए उनकी पार्टी में रजामंदी थी। लेकिन चुनावी बहसों में जो बाइडन की स्थिति हार सरीखा रही और उन पर उम्र की थकान हावी थी। उम्र की थकान के साथ ही साथ तर्क और दृढ़ता भी उनमें नहीं बची थी।

ऐसी स्थिति में उन पर अलोकप्रियता हावी थी, आम जनता के बीच उनकी लोकप्रियता का संहार हुआ था। इसका दुष्प्रभाव यह हुआ कि उनके समर्थक अवसाद ग्रसित हो गये थे, डेमोक्रेट पार्टी के कार्यकर्ता चुनावी अभियानों से भी दूर होते जा रहे थे।

जो बाइडन ने ही कमला हैरिस को समर्थन दिया है। जो बाइडन ने कहा है कि कमला हैरिस को ही चुनाव लडने का अधिकार दिया जाना चाहिए। यानी की डेमोक्रेट पार्टी की ओर से कमला हैरिस ही चुनाव लड़े। राष्ट्रपति के उम्मीदवारी से हटने और कमला हैरिस को अपना समर्थन देने के पहले जो बाइडन ने अपने परिजनों और अपनी चुनावी टीम और विश्वास पात्रों से गहन मंथन किया था। परिजनों, चुनावी टीम और विश्वासपात्र लोगों की सलाह पर ही जो बो बाइडेन ने कमला हैरिस को समर्थन दिया है। कमला हैरिस को जो बाइडन ने समर्थन क्यों दिया? इसके पीछे भी बडा महत्वपूर्ण कारण हैं। कमला हैरिस की पहचान भी जो बाइडन से जुडी हुई है। कमला हैरिस प्रारंभ से जो बाइडेन के समर्थक रही है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी जो बाइडन को कमला हैरिस ने अपना समर्थन देते रही है। जो बाइडन जब डोनाल्ड ट्रम्प से चुनावी बहसों में लगातार पिछड रहे थे तब भी कमला हैरिस उनके साथ मजबूती के साथ खडी थी और चुनावी अभियान को गति दे रही थी। इसी समर्पण का लाभ हैरिस को मिला और जो बाइडन का समर्थन उन्हे प्राप्त हुआ।

कमला हैरिस की असली पहचान क्या है? वे उपराष्ट्रपति के रूप में कितनी सफल रही है? उपराष्ट्रपति के पद पर रहते हुए उन्होंने अमेरिकी प्रतिष्ठा को बढाने के लिए कोई विशेष कार्य किया था या नहीं? अमेरिका मे बढता राष्ट्रवाद को वह किस रूप में देखती है? अप्रवासियों की बाढ़ के फोबिया का वे समर्थक है या विरोधी है? मुस्लिम आबादी की बढती आंच को वह किस रूप में देखती हैं? अमेरिका में भारतीय मूल की बढती आबादी और राजनीति में उनका कोई योगदान है या नहीं? रूस और चीन के बढते प्रभुत्व को रोकने के लिए उनके पास कोई योजना है या नहीं? इन्हीं बिन्दुओं पर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में फोकस है। कमला हैरिस का मूल भारतीय है। लेकिन वह भारतीय मूल की प्रतिष्ठा और समृद्धि से किसी भी रूप में जुडी हुई नहीं है। भारतीय मूल होने के कारण उन्हें एशियन मूल का भी कहा जाता है। अमेरिका में एशिया महादेश से आने वाले अप्रवासियों को एशियन कहा जाता है। कमला हैरिस सीधे तौर पर ईसाई सर्वश्रेष्ठता से जुडी हुई है। वह मानती है कि अमेरिका का ईसाई मूलाधार की सर्वश्रेष्ठता कायम रहनी चाहिए। लेकिन वह डोनाल्ड ट्रम्प की तरह कट्टरवादी नहीं हैं। सबसे बडी बात यह है कि कमला हैरिस की पार्टी डेमोक्रेट उदारवादी है और वह धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती है, मुस्लिम समर्थक भी है। जहां तक उपराष्टपति के रूप में कमला हैरिस के कार्य की बात है कि जो बाइडेन की विफलता और अकर्मण्यता का कुछ हिस्सा कमला हैरिस के खाते में भी दर्ज होता है। कहने का अर्थ यह है कि जो बाइडेन की विफलता के लिए कमला हैरिस को जिम्मेदार माना जाता है।

अमेरिकी समाज अभी भी किसी महिला को राष्ट्रपति बनाने के लिए तैयार नहीं दिखता है। अमेरिकी समाज को महिला विरोधी नहीं कहा जा सकता है पर इतिहास यही कहता है कि अपने देश का नेतृत्व करने के लिए किसी महिला को अधिकार देने के पक्ष में अमेरिकी समाज उदासीनता ही नहीं बल्कि विरोधी भी रहा है। बिल क्लिंटन की पत्नी हिलैरी क्लिंटन का उदाहरण देख लीजिये। हिलेरी क्लिंटन को अमेरिकी समाज ने राष्ट्रपति के लायक नहीं समझा था। एक बार बराब ओबामा के सामने हिलेरी क्लिंटन को अपनी पार्टी मे ही हार मिली थी। बराक ओबामा के समर्थन से हिलेरी क्लिंटन ने राष्ट्रपति चुनाव लडने का अधिकार हासिल किया थाा पर डोनाल्ड ट्रम्प के सामने उनकी हार हुई थी। इसलिए कमला हैरिस को बहुत ज्यादा मजबूर उम्मीदवार भी मानना सही नहीं है।

डोनाल्ड ट्रम्प पर हिंसक हमला और उन्हें जान से मारने की कोशिश से रिपब्लिकन पार्टी के पक्ष मे हवा बही है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रवाद की हवा बहा रहे हैं। वे मुस्लिम आबादी के खिलाफ आग उगल रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी सर्वश्रेष्ठता के मुस्लिम और अन्य अप्रवासी विरोधी है। कोरोना संकट में डोनाल्ड टम्प हारे थे। लेकिन उन्हें आज भी व्यापक समर्थन है।


इसलिए चुनाव सर्वेक्षणों में उनकी जीत की संभावना अधिक दिख रही है। यह भी सही है कि जो बाइडन के हटने से डेमोक्रेट पार्टी को एक नयी उर्जा मिला है, अब डेमोक्रेट आक्रमकता के साथ चुनाव अभियान को आगे बढा सकते हैं। कमला हैरिस को अपनी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने का अधिकार मिलना तय है। जो बाइडन की अपेक्षा कमला हैरिस आक्रमकता और विश्वसनीयता के साथ डोनाल्ड ट्रम्प का मुकाबला कर सकती है।

**डोनाल्ड ट्रम्प पर हिंसक हमला और उन्हें जान से मारने की कोशिश से रिपब्लिकन पार्टी के पक्ष मे हवा बही है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रवाद की हवा बहा रहे हैं। वे मुस्लिम आबादी के खिलाफ आग उगल रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी सर्वश्रेष्ठता के मुस्लिम और अन्य अप्रवासी विरोधी है। कोरोना संकट में डोनाल्ड टम्प हारे थे। लेकिन उन्हें आज भी व्यापक समर्थन है। इसलिए चुनाव सर्वेक्षणों में उनकी जीत की संभावना अधिक दिख रही है। यह भी सही है कि जो बाइडन के हटने से डेमोक्रेट पार्टी को एक नयी उर्जा मिला है, अब डेमोक्रेट आक्रमकता के साथ चुनाव अभियान को आगे बढा सकते हैं।**

## हास्य व्यंग्य

# आम वाले बाबा

कैलाश मण्डेला
संपर्क-9828233434



अचानक आम के दामों में आया उछाल।करने लगा आम आदमी को बेहाल। आखिर ये आम कैसे खास हो गया? किस सिस्टम का दास हो गया? खोजी खबर से सोशल मीडिया हिल गया। आम के बादाम होने का राज मिल गया। वायरल वीडियोज में 'आम वाले बाबा' छाने लगे। आमो-खास में किस्से गरमाने लगे। आम की टोकरियां सिर पर रखे भक्तों के हुजूम। आम-आम जपते ओठों पर बाबा के नाम की धूम। उत्तर भारत के किसी अनाम ग्राम में स्थित 'आम-धाम' में हर कोई 'आम से बड़ा आम का नाम गा रहा है।' आम स्तुति कर प्रसाद में आम खा रहा है। मन्नत मांगने वालों की अनेक खाली टोकरियां आम के पेड़ों पर टंगी हैं।बाबा की फोटुओं से धाम की दीवारें रंगी हैं।मान्यता है कि जिस भी टोकरी में आम गिर जाएगा, समझो उसका भाग्य फिर जाएगा। इधर बाबा के दर्शन को घंटों से लोग खड़े हैं। बाबा उस चमत्कारी पेड़ के नीचे आमाकार 'आमासन' पर विराजमान हैं, जहां उन्हें 'आमत्व' की प्राप्ति हुई थी। भक्त आते हैं, आम से भरी टोकरी बाबा के सम्मुख रखते हैं और कातर दृष्टि से अपनी याचना मूक अधरों से कहते हैं। बाबा जी अंतर्यामी हैं। मन की जान जाते हैं। बिना कहे समस्या को पहचान जाते हैं। किसी से कुछ नहीं लेते हैं, बस टोकरी को छू भर देते हैं। भक्त बस इससे हो जाते हैं निहाल। जयकारों से गुंजा देते हैं पांडाल। टोकरी के आम फल तब फलदाई बन प्रसाद बन जाते हैं। भक्त जिसे बांटते भी हैं और खुद भी खा जाते हैं। खाली टोकरी मन्नत की कन्फर्मेशन के लिए आस-पास के पेड़ पर लटका जाते हैं। यानी आम के आम और गुठली के भी दाम। कोई बच्चे होने की मनौती मांग रहा है, तो कोई नीट, रीट, पीएससी, यूपीएससी को टांग रहा है। कोई कैंसर, लकवा, टीबी जैसी बीमारियों को लटका रहा तो कोई भूत प्रेतों को टोकरी में पटका रहा। कोई बीवी का मारा तो कोई बीमारी का, सबका इलाज एक ही राजा हो या भिखारी का। गुरुवार को विशेष भीड़ यहां रहती है। आम से बनेगा काम ये ही आम राय कहती है। यू ट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और रीलों की बाढ़ में बाबा की लोकप्रियता तूफान पर है। 'आम बाबा' का नाम पूरे देश के आवाम की जबान पर है। चैनलों पर बहस छिड़ी है। इधर हर आदमी को बस अपनी टोकरी लटकाने की पड़ी है। ट्रक के ट्रक आम, धाम को जा रहे हैं। पचास के भाव वाले आम सौ कमा रहे हैं। जाने वाले खुश, खाने वाले खुश, कमाने वाले और खुश। सारे देश में 'आम नाम' उद्धारक के गीत बजने लगे हैं। भजन गाने वाले फिल्मी धुनों पर भजन रचने लगे हैं। आम से बड़ा आम का नाम, टोकरी में निकलेगा अंतिम परिणाम। आम से बड़ा आम का नाम।, जैसे भजनों पर हर कोई झूम रहा है। बाबा की चौखट मंत्री से लेकर संत्री तक हर कोई चूम रहा है। ट्रैक्टर, ट्रक और ढाबों पर बज रही है यह कव्वाली -आम वाले बाबा, कोई दर से न जाए खाली। मेरी टोकरी को भर दे, इक आम उसमें धर दे। आया हूं बन सवाली, मेरे आम वाले बाबा।। भीड़ से प्रभावित हो नेता ही नहीं इवेंट वाले भी दुकान चलाने लगे हैं। विशेष मौसम में 'फागोत्सव' की तर्ज़ पर 'आमोत्सव' मनाने लगे हैं। बाबा की मंडली की आम उछाल-उछाल कर की जाने वाली सामूहिक 'आम लीला' से भाव जगने लगे। बाकायदा ट्रस्ट द्वारा नियमित भंडारे भी लगने लगे। आयोजनों के खोजी कुछ कवि भी भाग्य आजमाने लगे। लिफाफे की आगत उम्मीद में मुफ्त कवि सम्मेलन भी कराने लगे। एक स्व घोषित महाकवि ने तो काम किया भारी। पूरी तुक्कड़बाजी कर पट्ठे ने 'आम चालीसा' लिख मारी। आम बाबा के पक्ष और विपक्ष में खास बाबा आने लगे। अपनी-अपनी विद्वता बताने लगे। सब लोग बाबा के जरिए अपनी रोटियां सेकने में व्यस्त थे। इधर बाबा भक्तों में ही मस्त थे। भीड़ उमड़-घुमड़ कर आ रही, ट्रेफिक व्यवस्था प्रशासन से संभल नहीं पा रही। एक चैनल का नामी एंकर बड़ी मुश्किल से सेटिंग कर 'बाबा पहली बार हमारे न्यूज चैनल पर' शो लेकर आया। सधे और बंधे प्रश्नों में बाबा ने अपने 'आमत्व' का इतिहास बताया। कई वर्षों तक देशाटन कर अनुभव से मिली है सफल 'बाबात्व' की युक्तियां।

हिमालय के दुर्गम शिखरों की कंदराओं में मिले नेताओं से पाई सिद्धत्व की शक्तियां। एक दिन बैठे थे चेलों के साथ उसी पेड़ के नीचे जहां बना है आज का 'आम-धाम'। कर रहे थे बाबाजी विश्राम। तभी गिरा अचानक ऊपर से एक पका हुआ आम। सौभाग्य था कि सिर बच गया पर हाथ पर गिरा वह आम इतिहास रच गया। ईश्वर की कृपा से हाथ के जरिए प्राप्त हुआ 'आमत्व'। चेले बोले गुरुदेव ! चमत्कार हो गया। इस पेड़ पर आम नहीं था एक। पर विधाता ने दिया आपको नेग। आपके हाथ की छुवन से आम तक पक गया। समझो हम सबका भाग्य जग गया। बस लोग आने लगे। हमसे आम छुवाने लगे। एंकर ने पूछा 'आमत्व' का वह रहस्य बताएं जो आपकी 'आम महात्म्य' पुस्तक में लिखा है। पुस्तक के 'आम-सार' को बाबा ने यूं बताया- आम फलों का राजा है, और जिसे राजा का सानिध्य प्राप्त हो वह सदैव जीतेगा। जो नहीं चखेगा आम रस उसका जीवन नीरस बीतेगा। अचानक एंकर ने कुछ एक्सक्लूसिव दिखाने के लिए क्षमा मांगते हुए अपनी उपस्थिति टांगी। धाम पर आई एक भक्त की क्लिप दिखाने की आज्ञा बाबा से मांगी।

वीडियो क्लिप में एक महिला ने अपने विकलांग बच्चे को दिखाते हुए उसे बाबा की कृपा का प्रसाद बताया और बोली कि बहुत सालों बाद मेरे जीवन में मां बनने का नाम के कारण अवसर आया। क्लिप को रोक कर तभी एंकर ने बाबा से पूछा बाबा आपने कृपा तो की पर बेचारी के बच्चा विकलांग पैदा हुआ इसमें क्या रगड़ा था। बाबा मुस्कुराते हुए बोले-इसमें हमारा कोई दोष नहीं, उसकी टोकरी में आम लंगड़ा था। इस बेतुके परिहास पर एंकर ने बाबा की हाजिरजवाबी पर लगाया ठहाका। इंटरव्यू से हो गया धमाका। देश तो देश विदेश तक में बाबा छाने लगे। चर्चा सुनकर लोग पर्चा लेने आने लगे। फिल्मों के प्रमोशन के लिए आने लगे बड़े-बड़े नायक। चुनाव की सरगर्मियों में मत्था टेकने आते रहे पंच, पार्षद, सांसद और विधायक। घोटाले में फँसे एसीबी से बचने की मन्नत मांगने। चले आए एक दिन जिले के डीएम भी धाम पर टोकरी बांधने। ज्यों ही पड़ी बाबा जी पर नज़दीक से नजर तो पहचान गए। बचपन के दोस्त घीसालाल को अच्छी तरह जान गए। मन में सोचा कि ये तो बिल्कुल था ढपोरशंख। गजब के लगे इसके पंख। भाग गया था अपराध करके गांव से। बच गया पुलिस के दांव से। अब दोनों दोस्त एक दूसरे के सामने नंगे थे। पर हाल दोनों के ही चंगे थे। दोनों की ऊंची थी शान। कहते हैं ना कि अफसर मेहरबान तो हर.......पहलवान। एक दिन बाबा के भंडारे में जुटी भीड़ भारी। प्रशासन की मिली भगत से अधूरी थी तैयारी। बाबा के स्पर्श को आम और आवाम की संख्या इतिहास रच गई। अचानक आस्था के अंधियारे में भगदड़ मच गई। दम घुटने से लोग बिलबिला गए। कई आदमी और आम कुचला गए या पिलपिला गए। टूटी हुई टोकरियों में रस निचुड़े आमों के शव पड़े थे। बाबा के 'आमासन' पर रक्त के बिन्दु जड़े थे!

'आम बाबा' किसी खास की कृपा से आदतन अभी फरार है। धाम की महिमा फिर भी बरकरार है। इस दुर्घटना के बाद प्रशासन ने लोगों के अंधविश्वास को दूर करने का कार्यक्रम बनाया। अंध भक्तों की नाराज़गी से बचने के लिए रात में 'आमासन' के पीछे लगे उस पेड़ को अपनी देखरेख में कटवाया। मगर सभी के लिए यह तथ्य शोक का और बड़े जोक का था। कटवाया गया पेड़ आम का नहीं अशोक का था। पेड़ का यह राज डीएम की दोस्ती का हिस्सा था।

किसी के लिए सच तो किसी के लिए किस्सा था। आज भी लोग वहां आते हैं। बाबा के 'आमासन' के पीछे 'आमत्व' सिद्ध पेड़ के ठूंठ पर पर आम चढ़ाते हैं और आस-पास के पेड़ों पर टोकरियां बांध जाते हैं। 'आमासन' की सिद्ध पीठ पर 'आम बाबा' का एक चेला आजकल पीठाधीश बन बहुत सिद्ध है। आमोत्सव' का तीन दिवसीय मेला पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। प्रशासन करवाता है पहले दिन कवि सम्मेलन, दूसरे दिन भजन संध्या और तीसरे दिन 'आम-लीला'। परंपरा के इस सांस्कृतिक पर्व पर सब मिलकर गाते हैं 'मेरा देश रंगीला।'

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आयकर की कम दर और छूट साथ-साथ नहीं चल सकते: अजय सेठ

नई दिल्ली/भाषा। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने बुधवार को कहा कि आयकर की कम दर और छूट दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते। जो लोग कर की कम दर चाहते हैं, उनके लिए नई व्यवस्था उपयुक्त है, जबकि छूट पुरानी व्यवस्था में ज्यादा है उन्होंने यह भी कहा कि बजट में अच्छे वेतन वाली नौकरियां बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। सरकार का मकसद युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार प्रशिक्षण देकर बाजार के हिसाब से रोजगार के लिए तैयार करना है।

बजट को लेकर सेठ ने 'पीटीआई-भाषा' से विशेष बातचीत में कहा, आयकर की कम दर और छूट दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते। जो लोग कर की कम दर चाहते हैं, उनके लिए नई व्यवस्था उपयुक्त है जबकि छूट पुरानी कर व्यवस्था में ज्यादा है।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पेश बजट में नई कर व्यवस्था में मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए करने और कर स्लैब में बदलाव का प्रस्ताव किया।

बजट में किए गए बदलावों से नई कर व्यवस्था अपनाने वाले कर्मचारियों को 17,500 रुपए तक की कर बचत हो सकती है उन्होंने कहा कि कुल करदाताओं में से दो-तिहाई यानी लगभग 68 प्रतिशत नई कर व्यवस्था में आ गए हैं, अन्य पुरानी कर व्यवस्था में है।

यह पूछे जाने पर कि क्या पुरानी कर व्यवस्था को छोड़ने की तैयारी है, सेठ ने कहा, हम किसी को नहीं छोड़ रहे। करदाताओं को जो व्यवस्था अनुकूल लगती है, वे उसे अपना सकते हैं।

बजट में युवाओं के लिए किए गए उपायों के बारे में सचिव ने कहा, यह बजट रोजगार बढ़ाने वाला है। हमारा प्रयास है कि युवाओं को प्रशिक्षण मिले। वे बाजार की जरूरत के अनुसार तैयार हों और उन्हें अच्छे वेतन वाली नौकरियां मिले।

यह पूछे जाने पर कि क्या शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए बिना अच्छी नौकरियां सृजित होंगी, उन्होंने कहा, इन उपायों से यह सुनिश्चित करना है कि जो भी युवा एक स्तर तक पहुंच गया है, उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार किया जाए।

बजट में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं और उपायों के लिए पांच साल की अवधि में दो लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

पूंजी लाभ कर में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सेठ ने कहा, काफी समय से यह सोच रही है कि कर प्रणाली को सरल बनाया जाए। अलग-अलग तरह के निवेश हैं। कुछ लोग सोने में निवेश करते हैं, कुछ इक्विटी शेयर में उन्होंने कहा, इक्विटी में अलग कर, सूचीबद्ध संपत्ति में अलग और गैर सूचीबद्ध में अलग कर, यह ठीक नहीं है। कर को लेकर सभी संपत्ति वर्ग में एक जैसा व्यवहार होना चाहिए। बजट में उसे दुरुस्त किया गया है। साथ ही 'इंडेक्सेशन' भी हटाया गया है। इससे पारदर्शिता भी आती है।

बजट में प्रस्तावित बदलावों के मुताबिक, सूचीबद्ध शेयर, इक्विटी से जुड़े म्यूचुअल फंड और एक व्यावसायिक ट्रस्ट की इकाइयों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ कर (एसटीसीजी) को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

प्रतिभूतियों पर दीर्घावधि पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। निवेशकों को सालाना 1.25 लाख रुपए तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर से छूट दी जाएगी, जो वर्तमान में एक लाख रुपए है।

हालांकि, सूचीबद्ध बॉन्ड एवं डिबेंचर के मामले में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया है। इन पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ कर की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

वहीं गैर-सूचीबद्ध बॉन्ड एवं डिबेंचर के मामले में एलटीसीजी को वर्तमान में 20 प्रतिशत की एकसमान दर के मुकाबले लागू होने वाली स्लैब दरों के आधार पर लगाया जाएगा। इस मामले में भी एसटीसीजी दर अपरिवर्तित बनी हुई है।

एक अन्य सवाल के जवाब में सेठ ने कहा, एसटीटी (प्रतिभूति लेनदेन कर) में वृद्धि एक संकेत है। नकदी और डेरिवेटिव (वायदा एवं विकल्प) बाजार में संतुलन के लिए यह कदम उठाया गया है...।

इससे पहले, आर्थिक समीक्षा में वायदा-विकल्प कारोबार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती रुचि पर चिंता जतायी गई थी।

प्रतिभूतियों में विकल्प की बिक्री पर एसटीटी की दर को विकल्प प्रीमियम के 0.0625 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.1 प्रतिशत करने और प्रतिभूतियों में वायदा की बिक्री पर एसटीटी की दर को ऐसे वायदा कारोबार की कीमत के 0.0125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है।

## प्रदर्शन




आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला बुधवार को पश्चिम गोदावरी जिले में बाढ़ की स्थिति पर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से बाढ़ के पानी में कमर तक पानी में प्रदर्शन करती हुई।

# डोनाल्ड ट्रंप ने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा- 'सबकुछ ठीक हो जाएगा'

वाशिंगटन/भाषा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकाात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं!'' इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फलस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था। राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने 14 जुलाई को ट्रंप को लिखे पत्र में कहा, आप पर हुए हमले की खबर सुनकर मुझे बहुत चिंता हो रही है। मैंने इसका वीडियो भी देखा। डोनाल्ड ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अब्बास के पत्र के जवाब में अपने हाथ से लिखे गए पत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा, महमूद, शुक्रिया। सब ठीक हो जाएगा। ट्रंप ने कहा था कि वह शुक्रवार को फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो में नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे उन्होंने कहा, मेरे पहले कार्यकाल के दौरान हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम की थी।

## पूजा



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रुद्रप्रयाग में केदारनाथ मंदिर में पूजा की।

# हमारी यात्रा से भारत और भूटान की दोस्ती और मजबूत होगी : भूटान के प्रधानमंत्री



अहमदाबाद/भाषा। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ तीन दिवसीय गुजरात की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने बुधवार को दौरे के समापन पर कहा कि इस यात्रा से '' भूटान और भारत'' के बीच दोस्ती और मजबूत होगी।

राज्य की यात्रा के अंतिम चरण में भूटान नरेश और प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के निकट बनने वाले वैश्विक वित्तीय और आईटी सेवा केंद्र 'गिफ्ट सिटी' का दौरा किया।

गांधीनगर से रवाना होने से पहले संवाददाताओं से बातचीत में टोबगे ने अपने अनुभवों को साझा किया उन्होंने कहा, आज हमने गिफ्ट सिटी का दौरा किया। इस स्मार्ट शहर ने बहुत ही कम समय में जो उपलब्धि हासिल की है उससे हम बहुत प्रभावित हैं। हमारी यात्रा से भारत और भूटान की दोस्ती और मजबूत होगी। भूटान के महामहिम राजा की ओर से मैं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को इस शानदार व्यवस्था के वास्ते धन्यवाद देता हूं।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दौरे पर आया प्रतिनिधिमंडल ''विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और जिला शीतलन प्रणाली और उपयोगिता सुरंग जैसी अन्य उच्च तकनीक प्रणालियों'' को देखकर प्रभावित हुआ।

प्रधानमंत्री टोबगे ने कहा, जिस दिन (22 जुलाई को) हम आए उस दिन हमने स्टैच्यु ऑफ यूनिटी का दौरा किया। मैं आपको कह सकता हूं कि (सरदार वल्लभभाई पटेल की) विशाल प्रतिमा को देखकर मैंने महसूस किया जैसे तीर्थस्थल पर आया हूं और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि को अनुभव किया। अधिकारियों ने बताया कि भूटान नरेश और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुंद्रा और खावड़ा में अडाणी समूह के प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना स्थलों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि अडाणी समूह मुंद्रा में भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह का संचालन करता है जबकि यह खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित कर रहा है।

भूटान के प्रधानमंत्री ने भारत और भूटान के बीच 'माइंडफुलनेस सिटी' के विकास के लिए साझेदारी का भी आह्वान किया। इस योजना का क्रियान्वयन भारत की सीमा के निकट दक्षिणी भूटान के गेलेफू शहर में किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक भूटान के राजा वांगचुक और प्रधानमंत्री टोबगे ने रवाना होने से पहले हेलीकॉप्टर से अहमदाबाद शहर का आसमान से विहंगम अवलोकन किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल स्वयं भूटानी मेहमानों को छोड़ने हवाई अड्डे तक गए।



# 'खेल खेल में' का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज़ हो गया है। कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। फिल्म 'खेल खेल में' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म, वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन की फिल्म खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया हैं। यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।



# फिल्म 'घुड़चढ़ी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म 'घुड़चढ़ी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित 'घुड़चढ़ी'एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त,रवीना टंडन,पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है।'घुड़चढ़ी' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी। फिल्म घुड़चढ़ी का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'घुड़चढ़ी' के ट्रेलर की शुरुआत पार्थ समथान के किरदार चिराग से होती है, जो खुद को इंट्रोड्यूस कराते हैं. और फिर चिराग की दादी अपने पोते की शादी की इच्छा जाहिर करती नजर आती हैं। चिराग का किरदार निभा रहे पार्थ अपनी दादी से कहते हैं कि जिसके हाथ में डोर बांधी होगी, वह खुद चलकर आएगी। और फिर खुशाली कुमार की स्टाइलिश अवतार में धांसू एंट्री होती है।

पार्थ और खुशाली कुमार की लव स्टोरी का एंगल यहीं से शुरू होता है। संजय दत्त और रवीना टंडन 'घुड़चढ़ी' में पार्थ और खुशाली कुमार के किरदारों के पैरेंट्स का किरदार निभा रहे हैं। इस बीच रवीना और संजय की मुलाकात होती है, तो वह भी आपस में प्यार में पड़ जाएंगे, और यहीं से फिल्म में कॉमेडी का जोरदार तड़का देखने को मिलेगा।

## लांच



मुंबई में बुधवार को आगामी टीवी सीरीज 'ग्यारह ग्यारह' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अभिनेता राघव जुयाल, कृतिका कामरा और धैर्य करवा।




# अनुराग कश्यप की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का होगा वर्ल्ड प्रीमियर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड फिल्मकार अनुराग कश्यप की फिल्म लिटिल थॉमस' का वर्ल्ड प्रीमियर मेलबर्न के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में होगा। अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'लिटिल थॉमस' को लेकर चर्चा में हैं।

इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर मेलबर्न के इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईआईएफएम) में होने वाला है।'लिटिल थॉमस' में गुलशन देवैया और रसिका दुग्गल लीड रोल में है। बाल कलाकार हृदयांश पारेख की भी अहम भूमिका है। कौशल ओजा इस फिल्म के निर्देशक हैं।

अनुराग कश्यप ने कहा, 'मैंने कौशल की शॉर्ट फिल्म 'द मिनिएचरिस्ट ऑफ जूनागढ़' देखी, जो मुझे काफी पसंद आई। फिर मैंने 'लिटिल थॉमस' की स्क्रिप्ट पढ़ी और इसके लिए उनके विजन को समझा। वह बच्चों के नजरिए से दुनिया की कल्पना करते हुए एक फिल्म बनाना चाहते थे। उनके विजन ने फिल्म को शानदार बनाया।'

गुलशन देवैया ने कहा, यह बेहद प्यारी फिल्म है, और मैं एक्साइटेड हूं कि इसे आईआईएफएम में दिखाया जाएगा। 'लिटिल थॉमस' की सबसे खास बात इसकी कहानी और किरदारों की मासूमियत है। रसिका एक बेहतरीन अदाकारा हैं, जिन्हें मैं काफी अर्से से पसंद करता हूं। वह प्रोफेशनल और डेडिकेटेड हैं। मैं उनके साथ काम करने करके भाग्यशाली महसूस करता हूं। 'लिटिल थॉमस' का निर्माण ल्यूमिनोसो पिक्चर्स, सिविक स्टूडियो, फ्लिप फिल्म्स और गुड बैड फिल्म्स द्वारा किया गया है।

# भाग्यशाली होते हैं वे लोग जिन्हें काम मिलता है : अक्षय कुमार

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का कहना है कि वे लोग भाग्यशाली होते हैं जिन्हें काम मिलता है। अक्षय कुमार पर साल में चार फ़िल्में करने के लिए बार-बार सवाल उठाए गए हैं।अक्षय ने इस आलोचना को सिर उंचा करके झेला है।अक्षय कुमार ने हाल ही में पॉडकास्ट पर काम के बारे में खुलकर बात की है। माअर्थ की संस्थापक गजल अलघ के साथ बातचीत के दौरान अक्षय ने कहा, मुझे बताया गया है कि मैं साल में चार फिल्में क्यों करता हूं, और मुझे केवल एक फिल्म करनी चाहिए। यदि मैं सिर्फ एक फिल्म करता हूं, तो मुझे बाकी दिनों में क्या करना चाहिए? बहुत से लोग दूसरों से कहते हैं कि वे बहुत काम करते हैं, भाग्यशाली हैं वे लोग जिन्हें काम मिलता है। इस दौर में बहुत से लोगों को काम नहीं मिलता, वे बेरोजगार हैं, लेकिन कम से कम जिन्हें काम मिल रहा है, उन्हें काम करने दो। अक्षय ने बताया कि कैसे उन्हें पेशेवर तौर पर धोखा दिया गया है। उन्होंने कहा यदि कोई मुझे धोखा देता है तो मैं उससे अलग हो जाता हूं। मैं चुप हो जाता हूं और एक अलग रास्ता अपना लेता हूं। मुझे पेशेवर तौर पर धोखा दिया गया है, कुछ निर्माताओं ने मुझे पैसे नहीं दिए, यह सिर्फ़ धोखा है।

# सूर्या के जन्मदिन के मौके पर 'कंगुवा' से जारी हुआ पहला गीत

मुंबई/एजेन्सी



तमिल सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या आज मंगलवार (23 जुलाई) को अपना 49वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सूर्या के फैंस को एक शानदार तोहफा मिला है। कई दिनों से सुर्खियां बटोर रही सूर्या की मच अवेटेड अगली फिल्म 'कंगुवा' का पहला गाना 'फायर सॉन्ग' रिलीज हो गया है। गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया। यह एक एनर्जेटिक सॉन्ग है, जिसे सुनते ही किसी के भी पैर थिरकने लग जाएंगे। फिलहाल गाने का लिरिकल वीडियो ही रिलीज किया गया है। इसका म्यूजिक और लिरिक्स दोनों परफेक्ट हैं। गाने को देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है, जिन्होंने सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा : द राइज' का म्यूजिक तैयार किया था। बोल गीतकार रकीब आलम ने लिखे हैं। फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें 'कंगुवा' 350 करोड़ से ज्यादा के बजट के साथ 'पुष्पा 2' और 'सिंघम अगेन' जैसी फिल्मों से मुकाबला करेगी।

'कंगुवा' में प्रीहिस्टोरिक एरा को दिखाया जाएगा। फिल्म को सात देश और भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में शूट किया गया है। इसमें हॉलीवुड के एक्शन और सिनेमेटोग्राफी एक्सपर्ट्स ने काम किया है। सूर्या ट्रिपल रोल में दिखेंगे। सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी का भी अहम रोल है। बॉबी 'एनिमल' के बाद एक बार फिर विलेन बनेंगे। इसके डायरेक्टर शिवा हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

ध्यान करते समय बाहरी दृश्य लुभावना प्रतीत होता है। लौकिक व्यवहार और वैदिक भाषा में उसे माया कहते हैं। ध्यान के प्रभाव से व्यक्ति उससे मुड़ सकता है और सत्य से जुड़ सकता है तथा जन्म मरण के चक्र से बाहर निकल सकता है। उन्होंने कहा ये सूत्र अपनी आत्मा पर लागू करो। भगवती सूत्र के सूत्र लाइफ में प्रत्येक अंश से जुड़ने योग्य सूत्र है। प्रभु महावीर के प्रथम गणधर एवं ज्येष्ठ शिष्य गौतम स्वामी की प्रभु महावीर के प्रति अनंत आस्था थी। जिनका सान्निध्य, जिनके वचन सत्य की आज्ञा है, वे हमारे जन्म मरण के चक्र का अंत कर देते है। जिनके निकट रहने से भय समाप्त हो जाता है।





# सत्य कहने से ज्यादा सत्य सुनना दुर्लभ है : युवाचार्य महेंद्र ऋषि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सत्य को जानने के लिए बहुत बड़ी ताकत चाहिए। बुधवार को एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषि म. सा. ने विशाल प्रवचन धर्मसभा मे श्रावक श्राविकाओं को धर्म उपदेश प्रदान करते हुए कहा कि सत्य कहने से ज्यादा सत्य सुनना कठिन व दुर्लभ है। सत्य बोलो लेकिन प्रिय बोलो।युवाचार्यश्री ने भगवती सूत्र के प्रथम सूत्र की विवेचना करते हुए आगे बताया जिसका अपने आप पर पूर्ण नियंत्रण होता है, वह ही सत्य से रुबरु हो सकता है। जो व्यक्ति सत्य को झेल सकता है, वह जन्म मरण के चक्र को पार कर सकता है। व्यक्ति के लिए सत्य को पचा पाना या स्वीकार करना आसान नहीं होता है।

युवाचार्य ने कहा कि ध्यान करते समय बाहरी दृश्य लुभावना प्रतीत होता है। लौकिक व्यवहार और वैदिक भाषा में उसे माया कहते हैं। ध्यान के प्रभाव से व्यक्ति उससे मुड़ सकता है और सत्य से जुड़ सकता है तथा जन्म मरण के चक्र से बाहर निकल सकता है। उन्होंने कहा ये सूत्र अपनी आत्मा पर लागू करो। भगवती सूत्र के सूत्र लाइफ में प्रत्येक अंश से जुड़ने योग्य सूत्र है। प्रभु महावीर के प्रथम गणधर एवं ज्येष्ठ शिष्य गौतम स्वामी की प्रभु महावीर के प्रति अनंत आस्था थी। जिनका सान्निध्य, जिनके वचन सत्य की आज्ञा है, वे हमारे जन्म मरण के चक्र का अंत कर देते है। जिनके निकट रहने से भय समाप्त हो जाता है। आचारंग सूत्र में कहा गया है जो सत्य की दिशा में उपस्थित होता है, वह प्रज्ञाशील जन्म मरण के प्रभाव से तिर जाता है। युवाचार्य प्रवर ने कहा, कर्म आत्मप्रदेश में लगने के कई प्रोसेस है। उनमें कुछ दीर्घकालिक और कुछ लघुकालिक होते हैं्। जैसे फल में पड़े- पड़े रस कम हो गया, वह सूख गया, वैसे ही कर्म की स्थिति कम कर देना, जला देना होता है। ये सात कर्मों के लिए संभव होता है लेकिन आयुष्य कर्म के लिए नहीं्। आत्मा से कर्म प्रदेशों का पूर्ण रूप से अलग हो जाना कर्म निर्जरा कहलाती है।

इस दौरान महासती अणिमाश्री ने कहा कि भगवान महावीर के जीवन की विशेषता यह है कि जिनकी देशना से कल्याण रुपी कल्पवृक्ष बना। आप सोचो, हमें जिनशासन मिला है। अरिहंत जिनशासन के मूल है, सिद्ध भगवान फल है, आचार्य अनोखा फूल है, उपाध्याय, साधु के रूप में पत्ते है। सम्यक दर्शन के रूप में सूर्य की किरणें है, तप के रूप में धरती है। यही जिनशासन का वृक्ष है। इतना होने के बाद भी हमारा जीवन कैसा है, इसका चिंतन करना। उन्होंने कहा सुर्योदय ऊर्जादायक होता है लेकिन सूर्योदय को टालकर देरी से उठते हैं तो जीवन में स्फूर्ति नहीं आ सकती। सूर्योदय के समक्ष ही जीवन का अवसर है, मिले हुए इस अवसर को हम गंवा देते हैं। मिले हुए लाभ से अवसर का फायदा उठाने से लाभ ही लाभ है। वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ के मंत्री धर्मीचंद सिघंवी जानकारी देते हुए बताया अयनावरम से पधारी कांताबाई गडवानी ने युवाचार्यश्री के मुखारविंद से इस चातुर्मास की प्रथम अट्ठाई के प्रत्याख्यान लिए। जिसका वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ की ओर से तपस्वी बहन का सम्मान किया गया। धर्मसभा का संचालन कमल छल्लाणी ने किया।



# 'गायक एक नायक अनेक' में पार्श्व गायक मुकेश को किया याद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश कुमार की 101वें वर्षगांठ पर एक अनूठी पेशकश 'गायक एक नायक अनेक' पर आधारित विभिन छोटे बड़े कलाकारों को अपनी आवाज़ देने वाले मुकेश के 24 हीरो पर फिल्माए गए गीतों की प्रस्तुति गायक गोपाल बाजोरिया ने की। इनमे 16एकल गायन और 8 युगल गीतों की प्रस्तुति ने जनता का मन मोह लिया। युगल गीतों में साथ बेंगलूरु से आई रेणुका अजय ने दिया। यह कार्यक्रम म्यूजियम थियेटर में पेश किया गया। ममता शाह ने कौनसा गाना किस पे फिल्माए गया था की जानकारी दी। इस कार्यक्रम की रूपरेखा गिरी बागड़ी ने की। गोपाल बाजोरिया के सौजन्य से कराओके लाऊंज द्वारा ये पेश किया गया।



# शसुन जैन कॉलेज में सर्वांगीण विकास प्राथमिकता : अभय श्रीश्रीमाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्वेतांबर स्थानकवासी जैन एजुकेशनल सोसायटी के महासचिव अभय श्रीश्रीमाल जैन ने कहा कि जैन धर्म वैज्ञानिक धर्म है। जैन आगमों में उपलब्ध वैज्ञानिकता के अनेक तथ्यों का आधुनिक विज्ञान भी समर्थन करता है। 24 जुलाई को श्री शंकरलाल सुंदरबाई शसुन जैन महिला महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सीखने के नित नये अवसर उपलब्ध करवाना कॉलेज की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। हम विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देते हैं्। इस क्रम में युवाचार्य महेन्द्रऋषि के चातुर्मास के उपलक्ष्य में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ के अंतर्गत स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए जैन दर्शन और विज्ञान कार्यक्रम रखे गए हैं्। महासंघ के चेयरमैन श्रीश्रीमाल ने बताया कि चातुर्मास में दस शुक्रवार को देश दुनिया के वैज्ञानिकों के व्याख्यान एएमकेएम जैन सेंटर, पुरुषवाक्कम में करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने 14 विषयों पर कोर्स बनाए हैं, जिन्हें तकनीकी माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक एल. नेमीचंद सिंघवी ने बताया कि 26 जुलाई को इसरो, नासा और चंद्रयान मिशन से जुड़े वैज्ञानिक प्रो. नरेन्द्र भंडारी विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।




# 'बिना दवा के कैसे निरोगी रहे' पर कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सेवा और सामाजिक कार्यो में सदैव अग्रणी रहने वाली महावीर इन्टरनेशनल रॉयल द्वारा बिना दवा के कैसे निरोगी रहे इस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन होटल अशोका में किया। कमला मेहता ने नवकार मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम की शुरूआत की। चेयरमेन सज्जनराज मेहता ने स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला में सबसे पहले विकास जैन ने हिप्नोटिज्म के बारे में संक्षेप में समझाया। उसके पश्चात् एकता जैन ने मग्नेटिक थेरेपी पर विशेष जोर दिया गया और उदाहरणों से समझाया। रोजमर्रा के कार्यो एवं खानपान को मेगनेटिक थेरेपी से शरीर के करीब 200 बीमारियों से दूर रहा जा सकता है। उसके पश्चात् नेचुरोपेथी की डॉ. अभिरामी ने भी योगा और खानपान में थोडा सा बदलाव कर बीमारियों से कैसे दूर रहा जा सकता है इसके बारे डिटेल में समझाया। इस अवसर पर नरपत मेहता सुनील सुराणा, अंकिता जैन, सुरेश सिंघवी, सहित रॉयल के अधिकांश सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था सह सचिव रमेश चोरडिया ने की। मंच का संचालन राकेश खटेर ने किया।



# पाप से घृणा कीजिए, पापी से नहीं : साध्वी राजमती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के साहुकारपेट के जैन भवन में बुधवार को अपने प्रवचन में साध्वीश्री राजमतीजी म.सा. ने कहा कि भगवान महावीर की वाणी इतनी पवित्र हैं कि वो प्रत्येक मनुष्य के भावों को पवित्र कर देती हैं्। उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह चिंतन करना चाहिए कि वो कहाँ से आया है और उसका लक्ष्य क्या हैं?

उन्होंने अपने ओजस्वी सम्बोधन में कहा कि सन्यम के सात सुख हैं और दान, शील, तप और भावना से मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने कहा था कि पापों से घृणा करनी चाहिए, पापियों से नहीं। राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ के त्याग से ही सम्यक ज्ञान, दर्शन और चारित्र की प्राप्ति होती है। साध्वीश्री ने कहा कि नमो अरिहंताण के जप करने से श्रवण इंद्रियों को नियंत्रित किया जा सकता है।

इससे पूर्व साध्वीश्री विनयश्री ने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं कुछ अच्छा काम करता हैं, वही अन्य लोगों को अच्छे कार्य के लिए प्रेरित कर सकता हैं्। उन्होंने कहा कि मनुष्य चाहे तो, भगवान कृष्ण की तरह धर्म कार्यों में सहभागी बनकर भी अपने जीवन को सफल बना सकता हैं। धर्मसभा में पुरुषवाकम संघ के अध्यक्ष धरमीचन्द कोठारी, ओस्तवाल गार्डन महिला मंडल की प्रतिनिधि मंडल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। धर्मसभा का संचालन संघ के महासचिव संजय पिन्चा ने किया।



# भव को नहीं, भाव को बदलने से मनुष्य होगा सुखी : साध्वीश्री सुधाकंवर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थानक भवन में विराजित साध्वीश्री सुधाकंवरजी ने आगमों में भगवान महावीर की अंतिम देशना उत्तराध्ययन सूत्र के 29वें अध्ययन का विवेचन करते हुए संवेग व उद्वेग में अन्तर को समझाते हुए कहा कि यह मन, वचन, काया से संचालित होता है, संवेग मोक्ष की परिकल्पना कराता है व आत्मा को ऊर्ध्वगति की ओर मोड़ता है, जबकि उद्वेग इसके विपरित आत्मा को अधोगति की ओर ले जाता है, इसीलिए मनुष्य को भव को नहीं भाव को बदलना है, अवस्था को नहीं व्यवस्था को बदलना, इसी से मनुष्य सुखी रह सकता है।

साध्वी सुयशाश्रीजी ने अपने प्रवचनों की श्रृंखला मे उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि जो हमारे वश मे नहीं है, उसे बदलने हेतु हम दुखी हैं, जिसे बदला नहीं जा सकता है उसे स्वीकार कर लेना ही सुख है, हमारे जीवन मे आधी परेशानियों दूसरों को देख कर है, परेशानी मुक्त जीवन कभी हो ही नहीं सकता है,दुःखों को ढूंढना ही मनुष्य का स्वभाव है, हर दुःख अपने पीछे कुछ न कुछ उद्येश्य लेकर आता है, दुःख छोटा हो या बड़ा यह मायने नहीं रखता है बल्कि उसे कैसे व्यावहार में लिया जा रहा है यह मायने रखता है, मन के विचार भले ही दिखायी नहीं दें पर हमारा जीवन उसी पर आधारित एवं निर्भर हैं। अध्यक्ष आनंद कुमार नाहर ने सभी तपस्वियों की तप की अनुमोदना की। मंत्री कन्हैयालाल सुराणा ने धन्यवाद दिया।





# चित्तवृत्तियों का निरोध है अध्यात्म की साधना : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बेंगलूरु। बुधवार को नजरबाद स्थित बुद्धि-वीर वाटिका के पंडाल में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि सारी धार्मिक-आध्यात्मिक प्रवृत्तियां भी अशुभ चित्तवृत्तियों को समाप्त करने के लिए होती हैं, इसलिए हर साधक को यह सावधानी बरतनी अत्यंत आवश्यक है कि उसके छोटे-बड़े कोई भी धार्मिक क्रिया-कर्म में अशुभ चित्तवृत्तियों का पोषण हो रहा है अथवा निरोध। मात्र धर्मक्रियाएं करते जाएं और शुभ-अशुभ वृत्तियों के प्रति सजगता न हों तो वह उपासना कसरत बनकर रह जायेगी। आध्यात्मिक उन्नति के पथ पर यही सबसे बड़ी बाधा है। अक्सर देखा जाता है कि लोग जीवन भर धार्मिक विधि-विधान, व्रत और क्रियाएं करते रहते हैं, लेकिन परिवर्तन के नाम पर एक अंश भी दिखाई नहीं देता। इसे विडंबना ही कहा जायेगा। भारतीय वैदिक, जैन और बौद्ध परंपरा में चित्तवृत्तियों के निरोध की साधना के हजारों-लाखों दृष्टांत देखने को मिलते हैं।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि चित्तवृत्तियों का निरोध ही आध्यत्म की साधना है। साधक को अशुभ वृत्तियों को जड़ों से समाप्त करने और शुभ वृत्तियों को निरंतर पोषित करने का पुरुषार्थ करना चाहिये। जैनदर्शन ने अशुभ वृत्तियों को दुःखों का मूल कारण माना है।

वे इस जन्म को ही नहीं, आने वाले अनेक जन्मों को प्रभावित कर सकती हैं। हमारा समग्र वर्तमान जीवन अतीत में पोषित की हुई शुभ-अशुभ वृत्तियों से प्रभावित हैं। जीवन के एक-एक घटना-प्रसंग में उसकी असर देखी जा सकती है। काटना, नोंचना, छीनना, झपटना, चिल्लाना, प्राण हर लेना, भोजन के लिए टूट पड़ना जैसी सैकड़ों पाशविक वृत्तियां पशु योनि से हम लेकर आये हैं। जबकि दया, दान, करुणा, सरलता, सद्भाव, संतोष, उदारता, विनम्रता जैसी शुभ वृत्तियां मनुष्य अथवा देव योनि से पोषित हुई हैं।

गणि पद्मविमलसागरजी ने विविध स्तोत्रों और मंत्रों के द्वारा शत्रुंजय तप के साधकों को ध्यान करवाया। आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने वास निक्षेप कर आशीर्वाद दिये। इस अवसर पर वसंत राठौड़, अशोक गोवाणी, अशोक दांतेवाडिया, मूलचंद पालरेचा विशेष रूप से उपस्थित थे। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने सबको प्रमाणपत्र प्रदान किये। प्रवीण दांतेवाड़िया ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। भंवरलाल लुंकड़ ने बताया कि बड़ी मात्रा में साधक यहां आयंबिल तप कर रहे हैं। रात्रि में पद्मविमलसागरजी के सान्निध्य में ज्ञानसत्र आयोजित हुआ।

# धर्म के लिए बुढ़ापे का इंतजार नहीं करें : साध्वीश्री धर्मप्रभा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने गुरु मिश्री दरबार में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव भव अति दुर्लभ हैं। हमारी आत्मा ने पूर्व में हर जीवन में अनेकानेक कर्मो की निर्जरा करते हुए यहां पर संसार में इस मानव जीवन को प्राप्त किया हैं। मानव जीवन को अमूल्य बहुमूल्यवान हीरे से तुलना करते हुए कहा कि आपको पूर्व की अति, बहुत धर्म-पुण्यवानी से यह मनुष्य जन्म मिला हैं। अतः इस दुर्लभ मनुष्य जन्म की बड़ी महत्ता को समझते हुए यहां इस संसार मात्र खाते-पीते, मौज- शौक में ही इस हीरे के समान अनमोल मानव जीवन की व्यर्थ नहीं गंवायें। अपितु धर्म की साधना, आराधना, तप-पुण्य, जप - त्याग, परोपकार करते हुए अपने मानव जीवन को सार्थक बनायें। जो जागत है सो पावत हैं, जो सोवत है वो खोवत हैं। साध्वीश्रीजी ने कहा कि प्रभु महावीर ने श्री उत्तराध्ययन सूत्र में चार प्रकार के जन्म, जरा, मरण और भय यह 4 प्रकार के प्रमुख दुःख बतलाये हैं जिनमें प्राणी संसार में इनके साथ जुड़ और भी अनेक प्रकार के दुःखों को भोगते हुए यहां पर क्लेशों-दुःखों कर, धर्म की से ग्रसित बना हुआ हैं। अतः अब संभल आराधना गानी बांधों और से पुण्यवानी कर्म निर्जरा का अवसर चुके नहीं। साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने अपने सारगर्भित प्रवचन में जैन दर्शन में वर्णित दो प्रकार के कालचक्र, अवसर्पिणी काल और उत्सर्पिणीकाल का विवेचन प्रस्तुत किया। अवसर्पिणीकाल में हर चीज में मन्दता-पतन की ओर वहीं उत्सर्पिणीकाल में हर क्षेत्र में उच्चता- प्रगति में बढ़ोत्तरी होती हैं।

## सेवा सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु जैन सेवा मंडल के उपाध्यक्ष दिलीप जैन, पारसमल राठौड़, राजेश जैन आदि ने मागड़ी रोड़ स्थित गांधी वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध जनों के सहयोगार्थ 31 हजार रुपए की सहयोग राशि का चैक सौंपा।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.